
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22



श्री CONSULTANCY
Confused after NEET Get Help
Fulfill your Dream of Becoming Doctor
Call us for Admission Guidance for 23-24 MD/MS/MBBS & MDS/BDS
• TOP MEDICAL Colleges of INDIA
• Management Quota Seat
• NRI Quota Seat
Get Enrolled (Call/whatsapp)
89599-94444
Laxmi Jewellers, Opp.Tanishq Showroom, Durg (C.G.)




वर्ष- 14 अंक - 283 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 26 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
8 से 10 हजार रुपए तक वेतन
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659


# पीएचई मंत्री के इलाके में साकार नहीं हो पाई जल आवर्धन योजना, जनाक्रोश बढ़ा तो अब क्षेत्र बदलने की चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज़


**भिलाई।** अहिवारा विधानसभा क्षेत्र, दुर्ग जिले का सबसे बड़ा क्षेत्र है। करीब सवा दो लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में 2018 में परिवर्तन की लहर चली तो लोगों ने आयातीत प्रत्याशी को अपनाकर भाजपा को यह संदेश दिया कि काम नहीं करोगे तो बदल दिए जाओगे। लेकिन इस बदलाव के बाद भी अहिवारा क्षेत्र के नागरिक स्वयं को ठगा-सा महसूस कर रहे हैं। 5 साल बीतने को है, लेकिन विकास की बाट जोह रहे अहिवारा की अपेक्षाएं अधूरी है। क्षेत्र के विधायक रूद्रकुमार गुरू पर लापता का टैग लगाकर सवाल पूछा जा रहा है कि प्रदेश में दमदार मंत्री होने के बाद भी काम क्यों नहीं हुए? इस क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति खराब बताई जा रही है। शायद यही वजह है कि पहले आरंग और फिर अहिवारा से चुनावी भाग्य आजमाने वाले रूद्र गुरू के नवागढ़ पलायन की खबरें आ रही है।



करीब 45 फीसदी सतनामी आबादी वाले अहिवारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व वर्तमान में समाज के गुरू रूद्रकुमार करते हैं। 2008 में पहली बार रूद्र गुरू आरंग क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे। 2013 के चुनाव में वे अपना विजय अभियान जारी नहीं रख पाए। इसके बाद 2018 में कांग्रेस ने उन्हें अहिवारा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया। चुनाव जीतने के बाद से लेकर अब तक रूद्र गुरू पर कई तरह के आरोप लगे। इनमें सबसे बड़ा आरोप निष्क्रियता का रहा है। क्षेत्र के नागरिकों का आरोप है कि सरकार में दमदार मंत्री रहने के बावजूद वे क्षेत्र का विकास कराने में नाकाम रहे हैं। भाजपा तो यहां तक आरोप लगाती है कि मंत्री पद मिलने के बाद रूद्र गुरू राजयोग भोगने में इतने व्यस्त रहे कि अपने निर्वाचन क्षेत्र को ही भुला बैठे। 2018 में जब गुरू रूद्र कुमार क्षेत्र में सक्रिय हुए तो समाज के स्थानीय लोगों ने कई बैठकें कर आयातीत प्रत्याशी का विरोध जताया था। स्थानीय सतनामियों का आरोप था कि दोनों ही दल हर बार बाहर से प्रत्याशी थोपते हैं। हालांकि अहिवारा के मतदाताओं ने गत चुनाव में भाजपा के तत्कालीन विधायक के ऊपर कांग्रेस के आयातीत प्रत्याशी को ज्यादा तरजीह दी।

2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई अहिवारा सीट पर अब तक कुल 3 चुनाव हुए हैं, जिनमें से 2 बार भाजपा तो 1 बार कांग्रेस ने विजय हासिल की है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित दुर्ग जिले की इस इकलौती सीट से पहली बार भाजपा के डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने जीत हासिल की थी। लेकिन 2013 के चुनाव में पार्टी ने उनकी टिकट काटकर सांवलाराम डाहरे दे दी। डाहरे ने जीत तो हासिल की, लेकिन अगली बार 2018 में वे अपनी जीत बरकरार रखने में नाकाम रहे और कांग्रेस के रूद्रकुमार गुरू के हाथों पराजित हुए। इन तीनों चुनावों का मजेदार पहलू यह है कि हर बार विधायक पर निष्क्रियता के आरोप लगे और उनके बदलने या पराजित होने के पीछे की मुख्य वजह भी यही रही। इन हालातों में इस बार कांग्रेस विधायक पर लग रहे आरोपों का चुनाव के नतीजों पर क्या असर होता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

अहिवारा विधानसभा की बात करें तो यह क्षेत्र पाटन और धमधा के इलाकों को मिलाकर बना। नतीजा यह निकला कि धमधा विधानसभा क्षेत्र विलुप्त हो गया। यहां 2018 की स्थिति में कुल 2 लाख 15 हजार 105 मतदाता थे। करीब 45 फीसदी मतदाता अनुसूचित जाति वर्ग से हैं तो जाहिर है कि सीट को इसी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला भी इसी वर्ग की एकजुटता पर निर्भर करता है। हालांकि अहिवारा क्षेत्र में साहू, कुर्मी और ओबीसी वर्ग के मतदाता भी हैं। विगत चुनाव में साहू-कुर्मियों ने भी कांग्रेस का साथ दिया था। प्रदेश में कांग्रेस की बड़ी जीत के पीछे इसकी अहम् भूमिका रही थी, क्योंकि आदिवासी पहले से ही कांग्रेस के साथ थे।




## नवागढ़ जाने की चर्चा

विधायक व केबिनेटमंत्री रूद्रकुमार गुरू के क्षेत्र बदलने की चर्चा सर्वत्र है। इसके पीछे कई तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। अभी कुछ समय पहले उन्होंने अपना ठिकाना भी बदला है। पिछले विधानसभा चुनाव से ऐन पहले रूद्र गुरू ने भिलाई-3 में कॉलेज के पास अस्थाई रूप से आवास लिया था। इस आवास को उन्होंने पखवाड़ेभर पहले ही छोड़ दिया है और अहिवारा में दूसरा आवास ले लिया है। कहा जा रहा है कि अहिवारा में आवास लेने के पीछे की वजह यह है कि यहां से नवागढ़ करीब पड़ता है। हाल में रूद्र गुरू के जन्मदिन की तामझाम भी नवागढ़ में ज्यादा देखने को मिली थी। इसके अलावा क्षेत्र के लोगों में उनके खिलाफ नाराजगी भी प्रमुख कारण है। जानकारों के मुताबिक, शासन स्तर पर कराए गए सर्वे में भी उनकी स्थिति ठीक नहीं पाई गई है। राजनीतिक के जानकारों का मानना है कि रूद्र गुरू नवागढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं। सतनामी समाज प्रारम्भ से ही स्थानीय प्रत्याशी की वकालत करता रहा है। ऐसे में संभावना है कि कांग्रेस इस बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी सतनामी नेता को प्रत्याशी बना सकती है। गौरतलब यह भी है कि पिछले दिनों रूद्र गुरू अहिवारा से ही चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं।

## भाजपा के आरोप

इधर, भाजपा ने स्थानीय विधायक पर क्षेत्र की घोर उपेक्षा का आरोप लगाया है। भाजपाइयों का आरोप है कि विधायक जनता के सुख-दुख में कभी शामिल नहीं हुए। उन्होंने क्षेत्र में विकास का कोई भी काम नहीं कराया। यहां तक कि पंचायतों को एक धेला भी नहीं दिलवा पाए। स्वयं पीएचई मंत्री है, बावजूद इसके उनके अपने क्षेत्र में 1 करोड़ की जल आवर्धन योजना अधूरी है। जिसके चलते लोग पानी को तरसते रहे। रूद्र गुरू पर यह भी आरोप है कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाए। उन पर लापता विधायक का टैग भी भाजपा लगाती रही है। इसके अलावा जन-अपेक्षाएं थी कि ग्रामीण क्षेत्रों को खराब सड़कों से छुटकारा मिलेगा, क्रेशर खदानों में आए दिन होने वाले ब्लास्टिंग पर रोक लगेगी, चहुंओर फैले प्रदूषण का कोई हल निकलेगा, लेकिन ये सारी समस्याएं यथावत् हैं।

## खास - खबर



### राम-वन-गमन पथ की पवित्र माटी से चंदखुरी की पावन धरती पर होगा पौधरोपण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने निवास परिसर से निजी एफ़एम रेडियो चैनल की पहल 'राम पथ से राम वन' का शुभारंभ किया और इसमें शामिल दो वाहनों को सुकमा जिले के रामाराम और कोरिया जिले के सीतामढ़ी-हरचौका के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'राम पथ से राम वन' के माध्यम से भगवान राम की छत्तीसगढ़ यात्रा में शामिल प्रमुख स्थानों की मिट्टी एकत्रित कर इसके अंतिम पड़ाव माता कौशल्या धाम चंदखुरी में वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही इस यात्रा के दौरान एफ़एम चैनल द्वारा भगवान श्रीराम की छत्तीसगढ़ यात्रा से जुड़ी कहानियों और मान्यताओं को भी आमजनों के साथ साझा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर रामपथ से रामवन मुहिम से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दी और इस पहल की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भगवान राम हम सबके है और छत्तीसगढ़ उनका ननिहाल है। मुख्यमंत्री ने कहा हम भाग्यशाली है कि हमें राम-वन-गमन पथ को विकसित करने का अवसर मिला और 09 प्रमुख स्थानों पर निर्माण कार्य जारी है। शासन की इस पहल से हजारों लोग और संस्थाएं स्वस्फूर्त जुड़ते जा रहे है, यह बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी में भगवान राम बसते है और इस पवित्र मिट्टी को लाकर वृक्षारोपण का पुनीत कार्य किया जाएगा। यह वृक्ष भगवान राम के यात्रा की स्मृति का प्रतीक होगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में वनवास काल में भगवान राम की छत्तीसगढ़ यात्रा में शामिल स्थानों को राम-वन-गमन पथ के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। शासन की इस पहल से लगातार अन्य लोग भी जुड़कर अपनी भगीदारी निभा रहे है। एफ़एम चैनल द्वारा रामपथ से रामवन की पहल से राम-वन-गमन पथ के प्रमुख स्थानों जैसे कोरिया के सीतामढ़ी-हर चौका, सरगुज़ा के रामगढ़ जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण, बलौदा बाजार के तुरतुरिया, रायपुर के चंदखुरी, गरियाबंद के राजिम, धमतरी के सिहावा, बस्तर के जगदलपुर और सुकमा के रामाराम से मिट्टी एकत्रित कर माता कौशल्या धाम परिसर चंदखुरी में वृक्षारोपण किया जाएगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजे डॉ. महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव सहित अन्य प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# मिशन-2023: सीएम हाउस में हाई लेवल मीटिंग, मणिपुर घटना को लेकर भूपेश बोले-कुलबुला रहा चुनावी कीड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कांग्रेस और भाजपा छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जी जान से लगी हुई है। दोनों दलों में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में बीती देर रात तक छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर बड़ी बैठक हुई, जो करीब 7 घंटे से ज्यादा समय तक चली। बैठक में सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर समेत सीनियर नेता मौजूद रहे।

वहीं कई मंत्री और मंडल, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ये बैठक आगामी विधानसभा चुनाव की चर्चा को लेकर की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सहित बाकी नेता भी मौजूद रहे। इसके साथ ही मीडिया के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम, मंडल और आयोग में पदाधिकारियों को रिपीट करने या मौका देने का निर्णय समय आने पर पार्टी करेगी। यह केवल मीडिया में ही चर्चा का विषय है।

## स्थिति को डायवर्ट करने की कोशिश न करें

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बयान पर सीएम भूपेश ने कहा है कि घटना किसी भी प्रदेश में घट सकती है, लेकिन उसके बाद सरकार ने निर्णय क्या लिया ये महत्वपूर्ण है। मणिपुर के घटना को दबाने के लिए क्या मणिपुर में जो बीजेपी की नाकामी है, उसे छुपाने के लिए आप कभी राजस्थान का तो कभी छत्तीसगढ़ का नाम ले रहे हैं। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। मतलब साफहै आप के दिमाग में केवल चुनाव का कीड़ा कुलबुला रहा है। स्थिति को आप डाइवर्ट करने की कोशिश मत करिए, जो गलतियां हैं, उसे स्वीकार करिए।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण की शुरूआत, 31 जुलाई तक चलेगी प्रतियोगिता

■ 08 राजीव युवा मितान क्लब का बनाया गया है एक जोन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** हरेली तिहार के दिन शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण जोन स्तर की शुरूआत हुई। इसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर 01 जोन बनाया गया है। जोन स्तर की इस प्रतियोगिता का समापन 31 जुलाई को होगा। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 17 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू की गई छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को अभूतपूर्व लोकप्रियता मिली। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों ने इस ओलंपिक में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस वर्ष चल रही छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।

दूसरे चरण में जोन स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक प्रतियोगिता में 08 राजीव युवा मितान क्लब क्षेत्रों का एक जोन बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जोन बनाने का दायित्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा नामांकित अधिकारी को दिया गया है। मुकाबला नॉक आऊट पद्धति से राजीव युवा मितान क्लब के विजेता प्रतिभागी एवं दलों के मध्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एव दल आयुवार एवं वर्गवार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी दल आयुवार एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राजीव युवा मितान क्लब स्तर एवं जोन स्तर के समापन के बाद तीसरे चरण विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक, चौथे चरण जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवे चरण संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

# हलो जिंदगी और जिंदगी न मिलेगी दोबारा

श्रीकंचनपथ




नशाखोरी की प्रवृत्ति तेजी से पैर पसार रही है। पहले जहां युवाओं और अधेड़ों की ही पहचान नशेड़ी के रूप में की जाती थी वहीं अब यह कोढ़ समाज के सभी वर्गों को अपनी चपेट में ले चुका है। बच्चे और महिलाएं भी ताल ठोंककर इस मामले में बराबरी करने लगी हैं। नशाखोरी न केवल सेहत बिगाड़ती है बल्कि यह तमाम सामाजिक बुराइयों की भी जड़ है। पहले नशा - गांजा, शराब और तम्बाकू तक सीमित था पर अब इसमें तमाम सिंथेटिक नशीले पदार्थ भी शामिल हो गए हैं। इसकी खपत युवाओं के बीच अधिक है। सिंथेटिक नशीले पदार्थ खुले बाजार में उपलब्ध नहीं होते। इनकी ट्रैफिकिंग अर्थात तस्करी होती है। इसे डिलीवरी का नेटवर्क होता है। नेटवर्क बनाने के लिए स्कूल कालेज के विद्यार्थियों, विशेषकर होस्टल या पीजी में रहने वालों को टारगेट किया जाता है। एक तरफजहां यह नशा खतरनाक है वहीं दूसरी तरफइसकी तस्करी में पैसा भी बहुत है। यह युवाओं को अपराध की काली दुनिया से जोड़ रहा है। नशाखोरी के खिलाफ छत्तीसगढ़ सिंधी काउंसिल और छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स पिछले कुछ वर्षों से विद्यार्थियों के बीच एक अभियान चला रहा है जिसका नाम है-'जिन्दगी न मिलेगी दोबारा।' इसका आशय स्पष्ट है कि एक बार नशे के चंगुल में फंस गए तो फिर संभलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। घर-बार तो बर्बाद होगा ही, जान भी जा सकती है। इसके साथ ही सड़क हादसों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए वह यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही दुपहिया सवारों को हेलमेट लगाने के लिए भी प्रेरित कर रही है। इसके समानान्तर पुलिस भी एक अभियान चला रही है जिसका नाम है 'हैलो जिन्दगी।' इसके जरिए पुलिस विद्यार्थियों को जीवन के उजले पक्षों से जोड़ने की कोशिश कर रही है। उन्हें खेल, अध्ययन और अन्य सकारात्मक-रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्हें सड़क हादसों से बचाने की कोशिशों के साथ ही हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित कर रही है। पर यह प्रहार समस्या की जड़ों पर नहीं हो रहा। इस तरह के तमाम जागरूकता अभियान समय-समय पर चलाए जाते हैं पर इसका कोई असर समाज पर पड़ता दिखाई नहीं देता। अभियान केवल चलाने के लिए चलाये जाते हैं, कुछ करने के लिए चलाए जाते हैं। तामझाम के साथ कार्यक्रम होते हैं, कुछ तस्वीरें छप जाती हैं और बीमारी पहले से भी ज्यादा उग्र होकर सामने आती है। दरअसल, भारतीय समाज एक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। पारिवारिक बंधन ढीले पड़ रहे हैं, संवादहीनता के चलते लोग एकाकी हो रहे हैं। एकल परिवारों की बढ़ती संख्या और माता-पिता दोनों के कामकाजी होने के कारण परिवार-परिवार नहीं रह गए। उपभोक्तावाद अपने चरम पर है। मानवीय मूल्य हाशिए पर हैं। नशाखोरी जीवन के इसी खालीपन को भरने का साधन है। जब तक जीवन का यह खालीपन दूर नहीं होगा, नशाखोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना संभव नहीं होगा।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....

LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....
• भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
• भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
• जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
• संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
• पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
• मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
• नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
• पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
• आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
• सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
• अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
• बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
• बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
• पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
• दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
Harsh Media Advertisers

Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# डोभाल की खरी-खरी

कारगिल विजय दिवस से ठीक पहले जोहानिसबर्ग में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के विदेश मामलों के आयोग के निदेशक वांग यी से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने जिस बेलाग तरीके से भारत के भरोसा दरकने की बात कही, उसके गहरे अर्थ हैं। खासकर तब, जब साल 2019 के बाद सीमा संबंधी मसलों पर दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की यह पहली बैठक हो। गौरतलब है, मई 2020 में जिस समय गलवान की घटना घटी थी, वांग यी चीन के विदेश मंत्री हुआ करते थे, और इस वक्त वह न सिर्फ वहां के शक्तिशाली पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं, बल्कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी भी माने जाते हैं। इसलिए डोभाल की इस दोटूक बात से बीजिंग को एहसास हो गया होगा कि सरहद पर तनाव पैदा करके वह नई दिल्ली को सौदेबाजी के लिए बाध्य नहीं कर सकता! डोभाल से पूर्व भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर भी अनेक मौकों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि जब तक सीमा पर शांतिपूर्ण संबंध न होंगे, तब तक दूसरी तमाम बातें मायने नहीं रखतीं। चीन हमेशा से यही चाहता रहा है कि सीमा संबंधी मसले को पीछे रखकर बाकी विषयों पर, खासकर कारोबारी रिश्तों के विस्तारीकरण की दिशा में आगे बढ़ा जाए, मगर भारत के सख्त रुख का ही नतीजा है कि उसके रवैये में कुछ नरमी दिखी है। मगर यह कितनी वास्तविक है, इसकी परख उसके द्वारा उठाए जाने वाले कदमों से होगी। क्या वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मई 2020 से पहले की स्थिति कबूलने को तैयार है? दरअसल, कोविड महामारी के समय से ही चीनी अर्थव्यवस्था गंभीर मुश्किलों का सामना कर रही है। अब यह राज की बात नहीं कि अमेरिकी तनातनी के कारण उसके यहां से निवेशकों का पलायन हुआ है और कई चीनी कंपनियों को पश्चिमी देशों में तरह-तरह के प्रतिबंधों से गुजरना पड़ रहा है। अभी-अभी भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली उसकी एक कंपनी के 8,200 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को ठुकराया है। खबर यह भी है कि घरेलू मांग में कमजोरी के कारण चीन की अर्थव्यवस्था के सामने नए किस्म का संकट पैदा हो गया है और पोलित ब्यूरो ने इससे निपटने व आंतरिक स्तर पर मांग को मजबूती देने के लिए नीतिगत प्रोत्साहन का रास्ता सुझाया है। भारत की मजबूत होती आर्थिक स्थिति व वैश्विक मंचों पर उसके बढ़ते महत्व को स्वीकारने में बीजिंग को चाहे जितनी हिचक हो, वह इस असलियत की अनदेखी नहीं कर सकता। इसलिए वह चाह रहा है कि द्विपक्षीय रिश्तों में जमी बर्फ को पिघलाने का रास्ता निकाला जाए। भारत तो हमेशा से ही पड़ोसी देशों से बेहतर संबंधों का हिमायती रहा है, मगर चीन और पाकिस्तान से उसे बार-बार निराशा ही हाथ लगी है। यह सही है कि भूगोल पड़ोसी चुनने की इजाजत नहीं देता, मगर ताल्लुकात साफ नीयत पर ही टिकते हैं। शी जिनपिंग यदि वाकई विश्वास-बहाली को लेकर गंभीर हैं, तो बीजिंग को खुले दिल व ठोस कार्यक्रमों के जरिये सीमा-विवाद सुलझाने की पहल करनी चाहिए। भारत और चीन मिलकर एशिया का भविष्य बदल सकते हैं, पर भारत यह जरूर देखना चाहेगा कि क्या बीजिंग की मंशा साफ है? एक ओर, भारत विरोधी ताकतों का समर्थन, सरहद पर तनाव बढ़ाने का उपक्रम, और दूसरी ओर आर्थिक सहयोग की आकांक्षा नई दिल्ली को स्वीकार्य नहीं। इसलिए अजीत डोभाल की दोटूक बात न सिर्फ राजनयिक रूप से, बल्कि भारतीय जन-मन की इच्छा के भी अनुरूप है।

> “ अभी-अभी भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली उसकी एक कंपनी के 8,200 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को ठुकराया है। खबर यह भी है कि घरेलू मांग में कमजोरी के कारण चीन की अर्थव्यवस्था के सामने नए किस्म का संकट पैदा हो गया है और पोलित ब्यूरो ने इससे निपटने व आंतरिक स्तर पर मांग को मजबूती देने के लिए नीतिगत प्रोत्साहन का रास्ता सुझाया है।

## मणिपुर मामले को स्पिन देना आसान नहीं

इन दिनों हर पार्टी को ऐसे स्पिन डॉक्टर्स की जरूरत होती है, जो किसी भी घटना को दूसरा टर्न दे सके। मूल घटना पर से ध्यान हटा कर उसके दूसरे पहलू पर ध्यान केंद्रित करा दे। अगर मीडिया साथ हो तो ऐसा करना आसान हो जाता है। भारतीय जनता पार्टी हर समय इस तरह के काम करती है। उसके स्पिन डॉक्टर्स हर घटना को एक नया रूप देते हैं और फिर मीडिया उसी रूप का प्रचार करता है। कई बार तो ऐसा लगता है कि खुद प्रधानमंत्री ही स्पिन डॉक्टर का काम करते हैं और कई बार पार्टी खुद यह काम करती दिखती है। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की वीभत्स घटना का वीडियो आने के बाद जो दो काम पार्टी की ओर से किए गए हैं उनसे इस बात को समझा जा सकता है।

पहला काम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। वे संसद के मानसून सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे तो पारंपरिक मीडिया इंटरेक्शन में उन्होंने पहली बार मणिपुर का जिक्र किया, जहां पिछले करीब 80 दिन से हिंसा चल रही है। लेकिन साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ और राजस्थान सरकार का भी जिक्र किया और कहा कि वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह करते हैं कि वे अपने राज्य में कानून व्यवस्था को पुख्ता बनाएं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बयान था, जिसकी कम से कम उस समय जरूरत नहीं थी। मणिपुर का वीडिया सामने आने के बाद पूरा देश उद्वेलित था उस समय उस मामले के साथ विपक्ष के शासन वाले चुनावी राज्य का जिक् करके राजनीति करने की जरूरत नहीं थी। लेकिन प्रधानमंत्री ने किया। उसके बाद भाजपा ने इस बात को हाथों हाथ लिया। पूरे दिन भाजपा के नेता इस बात पर बयान देते रहे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सोनिया गांधी मणिपुर पर बोल रही है लेकिन राजस्थान पर चुप हैं। सोचें, क्या यह राजस्थान और मणिपुर की तुलना का समय है? राजस्थान के जोधपुर में बलात्कार की घटना के दो घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए, जबकि मणिपुर की घटना के बारे में जानकारी होने के बावजूद 77 दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिर भी भाजपा के नेता मणिपुर से ज्याद छत्तीसगढ़ और राजस्थान पर चर्चा करते रहे। जब संसद में इस बात को लेकर विवाद हुआ कि मणिपुर पर चर्चा नियम 176 के तहत हो या 267 के तब भी भाजपा ने विपक्ष पर ही आरोप लगाया कि वह चर्चा से भाग रहा है। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष इसलिए चर्चा से भाग रहा है ताकि पश्चिम बंगाल की हिंसा पर जवाब नहीं देना पड़े। सोचें, मणिपुर में हुए एक भयानक अपराध और सिस्टम की विफलता का वीडियो वायरल हो रहा है और खुद प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि 140 करोड़ लोगों को दुनिया के सामने शर्मिंदा होना पड़ रहा है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि मणिपुर पर चर्चा होगी तो उसमें पश्चिम बंगाल की हिंसा की भी बात उठेगी! राजस्थान और छत्तीसगढ़ की घटनाओं को भी लाया जाएगा। यह क्या तर्क है? क्या सरकार विपक्ष को यह कह रही है कि तुम्हारे शासन वाले राज्यों में भी अपराध हुए हैं, तुम मणिपुर पर चुप रहो नहीं तो हम तुम्हारे राज्य का मामला उठाएंगे? क्या किसी सभ्य लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में इस तरह की बात सोची भी जा सकती है? सो, पहले तो प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के साथ विपक्ष के शासन वाले राज्यों को जोड़ कर अपने नेताओं को प्रेरित किया कि वे इस लाइन पर काम करें कि हमारी कमीज पर दाग है तो तुम भी बेदाग नहीं हो। इसके बाद दूसरा काम भाजपा ने किया। भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्विट करके वीडियो की टाइमिंग पर सवाल उठाया गया। कहा गया कि घटना इतने दिन पहले की है तो संसद के मानसून सत्र के ठीक एक दिन पहले कैसे सामने आया है? भाजपा को संसद सत्र से ठीक पहले वीडियो लीक होने में साजिश दिख रही है।

> “ मुझे समझ में नहीं आता कि एक तरफगरीबों को देने के लिए अनाज नहीं है और जब निर्यात की बारी आती है, तो हम कहते हैं निर्यात बढ़ना चाहिए। यह विरोधाभास है। आखिर हम किस लॉबी का बचाव करना चाहते हैं? जब हम पंजाब सूबे की बात करते हैं, तब कहा जाता है, पंजाब के किसानों ने पानी का निर्मम दोहन किया है। 138 ब्लॉक हैं, जिनमें से 109 ब्लॉक में पानी 'ब्लैक जोन' में पहुंच गया है।

# अपना चावल बचाने की जरूरी पहल

देविंदर शर्मा, कृषि विशेषज्ञ



वैश्विक रूप से दुनिया में चावल निर्यात में 40 प्रतिशत हिस्सा भारत का है, लेकिन जो हम निर्यात करते हैं, वह हमारी कुल पैदावार का 12 प्रतिशत है। भारत ने सावधानी बरतते हुए अभी गैर-बासमती चावल के निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया है, तो जाहिर है, दुनिया में अनाज की कीमतों पर असर पड़ेगा। अमेरिका में यह देखा जा रहा है कि चावल में 10 डॉलर का उछाल आया है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत को यह क्यों करना पड़ा? यह इसलिए करना पड़ा, क्योंकि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में जो भंडार है, उसमें आगे जाकर कमी आने की आशंका है। अभी जो खरीफ का समय चल रहा है, इसी सीजन में चावल की पैदावार होती है। फसल पर मौसम की मार पड़ी है। पहली बात तो यह है कि चावल के बड़े कटोरे पंजाब, हरियाणा में बाढ़ आई है। जरूरत से ज्यादा बारिश हुई है, उसके चलते माना जा रहा है कि बहुत सारे इलाकों में धान फिर लगाना पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि अब जो रोपनी हो रही है, वह 15 अगस्त से पहले पूरी हो जानी चाहिए, उसके बाद देरी होगी, तो फसल और उत्पादन पर असर पड़ जाएगा।

मध्य प्रदेश के आगे दक्षिण भारत में तो 20 से 30 प्रतिशत बारिश कम हुई है, वहां भी उत्पादन कम होने की आशंका है। अभी अल नीनो की शुरुआत नहीं हुई है, अगर अल नीनो की मार पड़ती है, तो लगता है कि चावल की जो पैदावार होगी, वह चिंताजनक होगी। भंडार पर असर पड़ेगा, इसलिए भारत ने गैर-बासमती चावल के निर्यात को प्रतिबंधित किया है।

अभी हमारे पास 1 जुलाई तक 7.1 करोड़ टन धान और गेहूं का भंडार है। अभी तो हमें लग रहा है कि पर्याप्त है, लेकिन आने वाले दिनों में जो फसल की स्थिति है, उसे देखते हुए जो सरकार ने कदम उठाए हैं, बहुत अच्छा है। सही समय पर सही कदम है। पिछले साल देश ने देखा कि जब गेहूं की पैदावार में कमी हुई थी, तब भी बहुत अपेक्षा थी कि हम निर्यात करेंगे। कुछ अर्थशा्त्रियों द्वारा यह भी कहा गया था कि भारत दुनिया के लिए अन्नदाता होगा। यह भी कहा गया था, हम दुनिया की गेहूं की जरूरत को पूरा करेंगे, लेकिन यह गलत था। हमारे पास उतना भंडार नहीं है कि हम सारा कुछ निर्यात कर दें, अच्छा हुआ कि सरकार ने सुध ली और निर्यात रुका। अगर यह नहीं होता, तो दुनिया में हमें कटोरा लेकर खड़ा होना पड़ता।

कुछ ही दिन पहले एफसीआई ने कर्नाटक को चावल देने से मना किया, यह कहते हुए कि हमारे पास भंडार नहीं है, लेकिन जब निर्यात की बात आती है, तो हमारे यहां एक तबका है, जो खड़ा हो जाता है कि निर्यात अगर रुकेंगे, तो हमारी विश्वसनीयता खत्म हो जाएगी।

मुझे समझ में नहीं आता कि एक तरफ गरीबों को देने के लिए अनाज नहीं है और जब निर्यात की बारी आती है, तो हम कहते हैं निर्यात बढ़ना चाहिए। यह विरोधाभास है। आखिर हम किस लॉबी का बचाव करना चाहते हैं? जब हम पंजाब सूबे की बात करते हैं, तब कहा जाता है, पंजाब के किसानों ने पानी का निर्मम दोहन किया है। 138 ब्लॉक हैं, जिनमें से 109 ब्लॉक में पानी 'ब्लैक जोन' में पहुंच गया है। वहां सौ प्रतिशत से ज्यादा पानी खींचा जा रहा है। जब हम निर्यात करते हैं, तब हम कहते हैं, पंजाब खेती में विविधता लाए।

ज्यादा चावल उपजाने से पानी का नुकसान होता है। यह बहस हम सुनते आए हैं। पंजाब 99 प्रतिशत चावल बाजार को दे देता है। खुद एक प्रतिशत का ही उपभोग करता है। जब चावल की कमी होती है, तब पंजाब को कहा जाता है, सब भूल जाओ, हमें ज्यादा चावल चाहिए। एक तरफ, पानी की कमी का रोना और दूसरी तरफ, ज्यादा चावल की मांग। पंजाब में एक अर्थशास्त्री है एस एस जौहल, उन्होंने शोध करके बताया कि जब हम चावल का निर्यात करते हैं, तब हम अपने पानी का भी निर्यात करते हैं। प्रदेश में 12 से 1.3 करोड़ टन के बीच चावल की पैदावार होती है, जिसमें 48 से 52 अरब लीटर पानी की जरूरत पड़ती है। पिछले साल हमने 2.2 करोड़ टन का निर्यात किया है। मतलब, 2.2 करोड़ टन चावल के साथ 88 अरब लीटर पानी का निर्यात किया है।

कहा जाता है, तीसरा विश्व युद्ध पानी पर होगा और फिर भी हम पानी निर्यात करते हैं? चिंता सब जताते हैं, लेकिन बुनियादी रूप से कौन सोचता है? क्या चावल के साथ पानी निर्यात को रोकना नहीं चाहिए? आज ज्यादातर देश अपना पानी बचाने में लगे हैं। दुनिया के अनेक देश अपना लकड़ी भी निर्यात नहीं करते हैं, बल्कि लकड़ी का आयात करते हैं, ताकि अपना नुकसान न हो। जब आप लकड़ी निर्यात करते हैं, तो आप अपने जंगल और जल को भी निर्यात करते हैं। ऐसे ही कोयला वाले देश भी करते हैं, भारत से कोयला मंगाते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि आज जरूरी है, हम अपने पानी का बचाव करें। भारत में सावधानी बरतते हुए सिर्फ चावल का निर्यात ही नहीं रुका है। जो 1.5 मिलियन टन अनाज बायोफ्यूल के लिए दिया जाता है, उस पर भी रोक लगा दी गई है। आज जो वैश्विक स्थिति है, उसमें जब हमें जरूरत पड़ेगी, तब कोई भी देश हमारे पास नहीं आएगा।

चिंता मत कीजिए, दुनिया के पास बहुत अनाज है। अमेरिका के पास इतना ज्यादा अनाज है कि वह उसमें से नौ करोड़ टन अनाज बायोफ्यूल के लिए दे देता है। यूरोप में 1.2 करोड़ टन अनाज एथेनॉल उत्पादन के लिए दिया जाता है। ये देश अपने उपभोग में कोई बदलाव नहीं लाना चाहते हैं, लेकिन भारत को कहा जाता है कि आप दुनिया के अन्नदाता हो, तो आप अपने भंडार व अनाज हमारे लिए उपलब्ध कराओ।


भारत ने इसे समय रहते समझ लिया है, अगर अनाज की समस्या को सुलझाना ही है, तो अमेरिका और यूरोप को आगे आना चाहिए। ध्यान रहे, मोटरकार ईंधन का इंतजार कर सकती है, लेकिन इंसान अनाज का इंतजार नहीं कर सकता। हमारा फैसला बिल्कुल ठीक है। जहां तक आम भारतीयों का सवाल है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है, हमारे पास खूब भंडार हैं, 7.1 करोड़ टन अनाज पड़ा हुआ है, जो जरूरत से ज्यादा है, तो हमें कोई डर नहीं है और अभी तो नई पैदावार भी आनी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सिमटती जा रही धन कुबेरों की खासमखास दुनिया

मनु जोसेफ, पत्रकार और उपन्यासकार

पिछले दिनों वर्जिन गैलेक्टिक नामक कंपनी तीन पर्यटकों को 'बाहरी अंतरिक्ष' में ले गई और वहां से वापस भी ले आई। पृथ्वी से लगभग 80 किलोमीटर ऊपर इस उड़ान का अनुभव करने के लिए अब तक करीब 800 लोग बुकिंग करा चुके हैं। इसके लिए टिकट का दाम 2.5 लाख से लेकर चार लाख डॉलर के बीच रखा गया है। यह उड़ान एक व्यावसायिक पनडुब्बी के विस्फोट के कुछ सप्ताह बाद हुई। उस पनडुब्बी ने पांच लोगों की जान ले ली थी और उनमें से कुछ ने प्रति सीट 2.5 लाख डॉलर चुकाए थे। यह रकम तीन संपन्न लोगों द्वारा कुछ दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहने के लिए चुकाए गए 5.5 करोड़ डॉलर की तुलना में कम है। इनसे यही जान पड़ता है कि कुछ अनुभव, जिसका लुत्फ सिर्फ अति-अमीर ही उठा सकते हैं, वे भी काफी जोखिम भरे होते हैं। जाहिर है, वे उतने आनंददायक नहीं होते हैं। आप कह सकते हैं कि सशुल्क अनुभव में आनंद ही सब कुछ नहीं होता। फिर भी, सच यही है कि हममें से बाकी लोगों ने जो नहीं देखा है, उसे देखने के लिए इन रईसों को या तो अंतरिक्ष में खुद को फिंकवाना पड़ता है या समुद्र में डुबोना। यानी, अब ऐसा कोई उत्पाद ही नहीं बचा, जो अति-अमीरों के लिए खास माना जाए।



बेशकीमती बैग, बड़े-बड़े घर और 100 मीटर लंबी याटें जैसी सुविधाएं भी यही बताती हैं कि आप पैसों से खुशी ला सकते हैं, पर बाजार में ऐसी कोई खुशी नहीं, जिसे आप सिर्फ पैसों से खरीद सकें। अधिकांश विलासिताएं, जो आनंददायक और सुरक्षित हैं, अब लखपतियों, यहां तक कि उच्च मध्य वर्ग की भी पहुंच में हैं। धन कुबेरों के पास बेमतलब की चीजें ही बचती हैं, जैसे- हीरे जड़ित कार, मानव बसावट से दूर हवेलियां, बेहिसाब खर्च वाली शादियां आदि। यानी, एक सीमा के बाद उत्पाद सिर्फ महंगे होते हैं और वे आपके जीवन में गुणात्मक सुधार नहीं लाते। दरअसल, आर्थिक लोकतंत्र ने यह सुनिश्चित किया है कि आधुनिक गरीबों को वे तमाम सुविधाएं मिलें, जो मध्ययुगीन सम्राटों को भी उपलब्ध न थीं। इतना ही नहीं, आज के अरबपतियों को वे विशिष्टताएं भी हासिल नहीं हैं, जिसे कभी धनपतियों ने जिया है। जैसे, जब व्यावसायिक उड़ान सेवा शुरू हुई, तो यह सिर्फ अमीरों के लिए थी। वर्ष 1929 में अमेरिका में किसी द्वीप तक आने-जाने का हवाई किराया देश की सालाना प्रति व्यक्ति आय का आधा था। एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका के मुताबिक, 1996 में कॉनकॉर्ड विमान से लंदन से वाशिंगटन जाने का किराया आज के हिसाब से 10 लाख रुपये था। अब तो इसके आधे दाम में मुंबई-न्यूयॉर्क फ्लाइट में फर्स्ट क्लास का टिकट पा सकते हैं।

जो अरबपति अंतरिक्ष या समुद्री अभियानों पर जाते हैं, मुझे संदेह है कि वे अपनी जान जोखिम में डालकर ऐसा करना पसंद करते होंगे। इसके कारण उनके लिए ये सेवाएं और बेमतलब हो जाती हैं। हालांकि, यह एकमात्र ऐसा उत्पाद नहीं है, जो धन कुबेरों को बेचा जाता है। उनको राजनेता होने का एहसास भी बेचा जाता है। एक वक्त, राजनेताओं की आर्थिक जरूरतें अमीर पूरी करते थे, जो अक्सर उनकी छाया में ही रहते थे। मगर आज कई धनाढ्य खुद राजनेता हैं। अमेरिका तो इसका ज्वलंत उदाहरण है। अपने देश में भी ऐसे कई सांसद/ विधायक हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति सैकड़ों करोड़ रुपये घोषित कर रखी है।

कलात्मक प्रशंसा भी अति-अमीरों के लिए विलासिता का एक ऐसा ही उत्पाद है। आज भी अमीर घरों के कई लेखक और कलाकार अपनी सामाजिक समानता के माध्यम से प्रसिद्धि खरीदते हैं। यह भी कह सकते हैं कि विज्ञान और खेल संभ्रांत समाज से ही उभरे, लेकिन चूंकि ये वस्तुनिष्ठ क्षेत्र हैं, इसलिए एक बार जब ये व्यापक और सुलभ हो गए, तब औसत दर्जे के अमीर प्रतिस्पर्द्धा नहीं कर सके। हालांकि, कला एक अलग मामला है, फिर भी, यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे आधुनिक धन कुबेरों ने त्याग दिया है, क्योंकि ऐसा लगता है कि उनमें से अधिकांश बौद्धिक गतिविधियों से दूर हो गए हैं। वैसे, जो अमीर खुद को लेखक और विचारक के रूप में ढालने में कामयाब होते हैं, वे प्रसिद्धि की खुशियां महसूस भी करते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# स्पेनः चुनावी नतीजा त्रिशंकु, पर लोकतंत्र कायम!

श्रुति व्यास




स्पेन में मध्यावधि चुनाव की घोषणा अचानक हुई। तभी यूरोप सकते में था। जानकारों को लगा कि स्पेन की राजनीति में कुछ अशुभ होने जा रहा है। ज्ञानी लोग भविष्यवाणी कर रहे थे कि चुनाव में किसी को बहुमत नहीं मिलेगा। कई पार्टियों का गठबंधन सत्ता में आएगा, जिसमें अति दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी पार्टी भी होगी। और यदि ऐसा हुआ तो सन् 1975 में फासिस्ट तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रेंको की मौत के बाद पहली बार स्पेन में अति दक्षिणपंथी सत्ता होगी।

इन चिंताओं के बीच वामपंथ की ओर कुछ झुके हुए मध्यमार्गी प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने यह कहते हुए मध्यावधि चुनाव करवाने के अपने फैसले को सही ठहराया कि दूसरे देशों में हुए हाल के चुनावों में कट्टर दक्षिणपंथी शक्तियों का बोल बाला रहा है। उन्होंने कहा था, ''आने वाले चुनावों से यह साफ हो जाएगा कि स्पेन की जनता कैसी सरकार चाहती है- जो बाइडन जैसी या डोनाल्ड ट्रंप जैसी, लूला डि सिल्वा जैसी या जायर बोलसोनारो जैसी।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते गए, प्रचार कटु होता गया और सियासी माहौल में जहर घुलता गया। राजनीति दो फाड़ होने लगी। चुनाव दक्षिणपंथ बनाम वामपंथ, लोकतंत्र बनाम तानाशाही का हो गया। दक्षिणपंथी नेताओं का प्रचार प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पर केन्द्रित था। इसका लब्बोलुबाब था कि यदि सांचेज की सत्ता में वापसी होती है तो देश बिखर जाएगा। स्टाइल वही थी जिससे हम सब परिचित हैं- पुराने मूल्यों और परंपराओं का गुणगान, राष्ट्रवाद के जयकारे और स्पेनिश के रूप में पहचान पर जोर आदि।

ध्यान रहे स्पेन में सन 1930 के दशक में हुए गृहयुद्ध और फिर जनरल फ्रेंको की चालीस साला तानाशाही के दौर में स्पेन के लोग दो हिस्सों में बंटे रहे हैं। आज तक इस बारे में खुली बहस नहीं हुई है कि उस गृहयुद्ध में कौन हमलावर था और कौन शिकार! घाव अब भी रिस रहे हैं। इसलिए ऐसा लग रहा था कि स्पेन में दक्षिणपंथ की वापिसी का माहौल है। यूरोप में सबको चिंता थी कि अति दक्षिणपंथी दल वाक्स मैदान में उतर गया है और उसका मध्य दक्षिणपंथी पीपुल्स पार्टी के साथ गठबंधन हो सकता है। वॉक्स समस्त यूरोप के उस रूझान का हिस्सा है जिसमें अति दक्षिणपंथी दलों का वोटिंग परसेंटेज बढ़ रहा है, और ऐसे दल अपने बलबूते पर या मध्य दक्षिणपंथियों से गठजोड़ करके हंगरी, इटली और फिनलैंड में सत्ता हासिल कर चुके हैं। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री गार्डन ब्राउन ने 'ले मोंड' अखबार में इतवार को छपे अपने लेख में वाक्स के एजेंडे को 'डरावना' बताते हुए चेतावनी दी थी कि स्पेन में उसके सत्ता में आने का मतलब होगा यूरोप का दक्षिणपंथी अंधे कुंए में गिरने की तरफ एक और कदम।

वाक्स फेमिनिस्म, एलजीबीटीक्यू के अधिकारों और स्पेन के गृहयुद्ध और फ्रांसिस्को फ्रेंको की तानाशाही के दौरान हुए मानवाधिकारों के हनन पर किसी भी चर्चा का विरोधी है। वह प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए स्पेन के कब्जे वाले पूर्वी अफ्रीकी शहरों सेउटा और मेलिला के चारों ओर दीवार बनाने का हामी है। उसने पृथकतावादी दलों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक जनमत संग्रह करवाने की मांग की है, जो कि एक खतरनाक संकेत है।

लेकिन रविवार को सामने आये चुनाव नतीजे दोनों में से किसी भी गुट के पक्ष में नहीं रहे। बंटे हुए स्पेन को त्रिशंकु संसद मिली। जैसा कि अनुमान था दक्षिणपंथी खेमे की मध्यमार्गी दक्षिणपंथी पीपुल्स पार्टी 350 में से 136 सीटें जीतकर सबसे आगे रही, जैसा कि अनुमान था। अति दक्षिणपंथी वाक्स पार्टी को मिली 33 सीटें जोड़कर भी यह बहुमत के लिए जरूरी 176 सीटों से पीछे रह गयी। पेड्रो सांचेज, जिनके बारे में माना जा रहा था कि वे सत्ता विरोधी लहर से जूझ रहे हैं, 122 सीटें जीतने में सफल रहे। उनकी पसंदीदा गठबधन साथी अति वामपंथी सुमर पार्टी ने 31 सीटों पर जीत हासिल की। इस तरह यह समूह भी बहुमत से बहुत दूर रह गया।

इस हालात में दुनिया के सबसे विकसित लोकतंत्र स्पेन (फ्रीडम हाउस की फ्रीडम इन द वर्ल्ड रिपोर्ट के अनुसार) की नजरें अब अपने सम्राट फेलिप छठवें पर हैं जो सबसे पहले पीपी (दक्षिणपंथी गठबंधन) के अल्बर्टो नुनेज फीजो को आमंत्रित कर उन्हें बहुमत जुटाने का प्रयास कर प्रधानमंत्री बनने का मौका देंगें। यदि फीजो निमंत्रण ठुकरा देते हैं या बहुमत हासिल नहीं कर पाते है तब सम्राट प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज को यही मौका देंगे। यदि दोनों प्रधानमंत्री पद के लिए होने वाले मतदान के दो माह के अंदर बहुमत प्राप्त नहीं कर पाते तो दुबारा चुनाव करवाए जाएंगे।

इस सबसे स्पेन के नागरिक खुश नहीं हैं। स्पेन के आधुनिक लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार भीषण गर्मी के मौसम में वोट डाले गए और वह भी संडे को। ऐसी खबरें हैं कि वोटिंग के दिन दोनों गुटों के समर्थक अपने-अपने लोगों को मेसेज और फोन के जरिये बाहर निकलने और गर्मी को भूलकर वोट देने को कह रहे थे। चुनाव से कोई निर्णायक नतीजा नहीं निकला और न किसी को बहुमत मिला है। वोटर गर्मी से जूझे और एक दिन की छुट्टी बर्बाद की। पर हाय री किस्मत! गर्मियों के बाद शायद सब कुछ फिर से दुहराया जाएगा। पर एक बात तो है। स्पेन में लोकतंत्र कायम है और अपना काम कर रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### वजन त्यौहार के सफल आयोजन के लिए कार्यशाला आयोजित

**बालोद।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा 01 से 13 अगस्त तक आयोजित की जाने वाली वजन त्यौहार के सफ्ल आयोजन हेतु आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा सभी जिला अधिकारियों को जिले में आयोजित वजन त्यौहार को सफ्ल बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण इस स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु 01 से 13 अगस्त तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जन–जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ प्रत्येक परिवारों को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी देने के अलावा जिले के सभी गांवों के कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस कार्यशाला में जिले के परियोजना अधिकारियों के अलावा पर्यवेक्षकगण उपस्थित थे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने और राशन कार्ड ई-केवाईसी के लिए कल महाअभियान

**गरियाबंद।** आयुष्मान कार्ड निर्माण और राशन कार्ड ई–केवाईसी के लिए 7 जुलाई को आयोजित शिविर की तरह पुन: महाअभियान चलाया जायेगा। छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने एवं राशन कार्डो के ई–केवाईसी कार्य को पूर्ण करने के लिए 27 जुलाई को महाअभियान चलाया जायेगा। इस दिन जिले के सभी ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत, च्वाईस सेंटर एवं सामुदायिक भवनों में शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में अधिकारी–कर्मचारियों की गांववार ड्यूटी लगाकर बचे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड और केवाईसी के कार्य पूर्ण किये जायेंगे। कलेक्टर आकाश छिकारा ने महाअभियान के लिए सभी जरूरी तैयारियों को पूर्ण करने तथा आवश्यक संख्या में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सीएससी वीएलई, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने छुटे हुए अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा राशन कार्ड ई–केवाईसी कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने महाअभियान के दिन अधिकारियों को शिविर स्थलों में जाकर निरीक्षण करने तथा आसपास में स्थित शासकीय राशन दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्र, अस्पताल, स्कूल एवं आश्रम–छात्रावासों का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि 7 जुलाई को आयोजित शिविर में 7 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड निर्माण और 25 हजार से अधिक राशन कार्डो के ई–केवाईसी के कार्य किये गये थे।

### मंत्री मोहन मरकाम ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के काम–काज की समीक्षा

# आश्रम-छात्रावास में आवश्यक सुविधाएं, आदर्श ग्राम योजना सहित प्राथमिकता के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री मोहन मरकाम की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष सरगुजा संभाग में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के काम–काज की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए समीक्षा की और जरूरी दिशा–निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह विशेष रूप से उपस्थित थीं।**




बैठक में मंत्री श्री मरकाम ने कहा कि आदिवासी विकास विभाग का उद्देश्य आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण के लिए काम करना है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में इन वर्गों के प्रगति के लिए बेहतर काम प्रदेश में किया जा रहा है। प्राथमिकता से आश्रम एवं छात्रावास के आवश्यक संधारण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों को पूर्ण कराएं, इसमें कोताही न हो। लगातार आश्रम एवं छात्रावासों का निरीक्षण करें। छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित ना रहें। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक शत प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा श्रद्धा और आस्था के केंद्र देवगुड़ी के संरक्षण की अभिनव पहल की गई है। इसके लिए विभिन्न निर्माण कार्य शासन की ओर से स्वीकृत किए गए हैं। इन्हें समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मंत्री श्री मरकाम ने आश्रम–छात्रावास के मरम्मत के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा एफ्आरए आदर्श ग्राम घोषित किया जाना है, इसकी तैयारी त्रुटिरहित रहे। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को एफ्आरए पट्टा और वृहद स्तर पर ऋण पुस्तिका के वितरण पर संबंधितों को निर्देशित किया। मंत्री श्री मरकाम ने कहा कि संभाग में संचालित एकलव्य एवं प्रयास आवासीय विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिए समस्त सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए सतत निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री मरकाम के मार्गदर्शन में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास सचिव डीडी सिंह एवं आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी के द्वारा विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में छात्रावास व आश्रम भवन के अनुरक्षण एवं मरम्मत, भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति, अधिकारियों द्वारा आश्रम छात्रावास निरीक्षण, वनाधिकार पत्रक वितरण, ऋण पुस्तिका वितरण, एफ्आरए आदर्श ग्राम, एकलव्य एवं प्रयास आवासीय विद्यालय के संचालन, छात्रवृति, जाति प्रमाण पत्र, आधार सीडिंग, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, देवगुड़ी संरक्षण, सहित विशेष रूप से कमजोर जनजाति अभिकरण एवं प्रकोष्ठ को केंद्रीय क्षेत्रीय योजना मद अंतर्गत प्रदत्त आबंटन तथा स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभिकरण एवं प्रकोष्ठ अंतर्गत प्रदाय राशि का उचित उपयोग विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के लिए किया जाए। विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सतत समन्वय रखते हुए आवश्यकता अनुरूप सहायता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अनुभाग स्तर पर समन्वय बैठक निर्धारित समय पर आयोजित करने संबंधितों को निर्देशित किया गया। आदिम जाति कल्याण विभाग के अपर संचालक ए.के. गौर तथा आर.एस. भोई, उपायुक्त प्रज्ञान सेठ एवं सरगुजा संभाग के सभी जिलों के सहायक आयुक्त, जनपद पंचायत परियोजना प्रशासक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुघ्घर पढ़वईया योजना: जिले के दो स्कूल प्लेटिनम एवं सिल्वर अवार्ड के लिए हुए नामित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के सभी शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूलों में पढने़ वालों बच्चों में उनकी प्रतिभा के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए सुघ्घर पढ़वईया योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत बच्चों में कौशल विकसित करने पर उत्कृष्ट विद्यालयों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया जाता है।**




इसी कड़ी में विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला भदरापाली संकुल बायंग को प्लेटिनम अवार्ड एवं प्राथमिक शाला परसाडीपा संकुल डोंगीतराई को सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उक्त दोनों स्कूलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्कूलों के सभी शिक्षकों को साथ मिलकर स्कूल के सभी विद्यार्थियों में अकादमिक कौशल विकसित करने हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी का प्रत्यक्ष परिणाम सामने आया और इन दोनों स्कूलों को प्लेटिनम एवं सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। जो रायगढ़ जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर उपलब्धि है। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देश में जिले के अन्य शालाओं में भी शिक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य किया जा रहा है। सुघ्घर पढ़वईया योजना का उद्देश्य स्वप्रेरणा से अच्छे कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। उन्हें देखकर और भी शिक्षक अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित हो सकेंगे। यह योजना राज्य के सभी शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के लिए है। योजना में शामिल होने के लिए स्कूल को वेब–पोर्टल पर आवेदन करना होगा। स्कूलों की प्रतिस्पर्धा एक दूसरे से नहीं बल्कि स्वयं से ही है। स्कूलों के सभी शिक्षकों को साथ मिलकर स्कूल के सभी विद्यार्थियों में अकादमिक कौशल विकसित करना है। जिन स्कूलों को प्रमाण पत्र मिलेगा, उस स्कूल में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रमाणीकरण की घोषणा थर्ड–पार्टी आंकलन के तत्काल बाद वेब–पोर्टल पर की जाती है।

रायगढ़ जिले के सात विकासखण्ड धरमजयगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार, रायगढ़, खरसिया एवं पुसौर में से 35 शाला का थर्ड पार्टी द्वारा आकलन किया गया। जिसमें 2 शाला अवार्ड हेतु नामित किए गए। जिसमें विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला भदरापाली को प्लेटिनम अवार्ड एवं प्राथमिक शाला परसाडीपा को सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से संवरने लगे जिले के स्कूल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्य राज्य में स्कूली भवनों का नवीनीकरण करने के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना का शुभारंभ किया गया है। स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के क्रम में आधारभूत व्यवस्थाओं को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। सर्व सुविधायुक्त स्कूल भवन से विद्यार्थियों को शिक्षा का अच्छा वातावरण मिलता है। अच्छा वातावरण निश्चित रूप से विद्यार्थियों के मानसिक दबाव को कम करते हुए अच्छी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत न केवल शाला भवन का मरम्मत और नवीनीकरण किया जा रहा है। बल्कि अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप स्कूलों का नवीनीकरण एवं जीर्णोधार कार्य होने से अब बच्चों को पढ़ाई के लिए सकारात्मक महौल मिलेगा। साथ ही बच्चों के मन में पढ़ाई करने की नई उमंग विकसित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जिले के 1662 स्कूलों का नवीनीकरण एवं जीर्णोधार कार्य करने के लिए चिन्हांकित किया गया है।

जिसमें 242 स्कूलों का कायाकल्प किया जा चुका है। योजना के तहत स्कूलों में छतों का सुधार, टाइल्स, दीवारों में रंग–रोगन, शौचालयों की मरम्मत के साथ ही स्कूलों की साज–सज्जा भी की जा रही है। स्कूलों के रंगाई एवं पुताई का कार्य महिला समूह द्वारा निर्मित गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से किया जा रहा है। पहले स्कूल भवन जर्जर हालत में थे, परन्तु अब मुख्यमंत्री की पहल पर स्कूलों का बेहतर किया जा रहा है।

# प्रदेश में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के साथ शुरू हो जाएगी निर्वाचन की तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। विधानसभा आम निर्वाचन–2023 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अगस्त को राज्य में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा फॉर्म–5 में मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन करने के साथ–साथ 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि के सम्बन्ध में दावा–आपत्ति प्राप्त किए जाने नोटिस जारी किया जाएगा। इसी दिन राज्य में विशेष ग्राम सभा में मतदाता सूची का वाचन भी किया जाएगा।**




विधानसभा एवं जिला स्तर पर भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन में मतदाता सूची को शुद्ध बनाने जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। यह मतदाता सूची राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट ceochhattisgarh.nic.in में भी होस्ट की जाएगी। इसकी एक फोटोयुक्त हार्ड एवं एक फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी जिला स्तर पर बैठक कर प्रदान की जाएगी।

मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के दिन से 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूपों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दावा–आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 30 दिनों की इस अवधि के दौरान चार दिन, 12–13 अगस्त (शनिवार–रविवार) और 19–20 अगस्त (शनिवार–रविवार) को बूथ स्तर पर विशेष शिविर का भी आयोजन होगा। इस दौरान 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म–6 के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। मृत, डुप्लीकेट या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए फॉर्म–7 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पूर्व से पंजीकृत मतदाता के विवरण में किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म–8 भरा जाएगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर सर्विस पोर्टल भी उपलब्ध हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने के लिए बीएलओ एप का प्रयोग किया जाएगा। 31 अगस्त तक प्राप्त होने वाले दावा–आपत्तियों की साप्ताहिक सूची सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक कर दी जाएगी। साप्ताहिक रूप से इस सूची का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी प्रकाशन किया जाएगा। 22 सितम्बर तक सभी दावा–आपत्तियों का निराकरण कर 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन फॉर्म–16 में किया जाएगा। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची पुन: वेबसाइट में होस्ट करने के साथ–साथ इसकी एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिला स्तर पर प्रदान की जाएगी।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए पुनरीक्षण के दौरान सघन कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस दौरान छूटे हुए युवाओं एवं समाज के वंचित वर्गों को अधिक से अधिक जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे।

### बरसात में आंखों का रखें खास ख्याल

**महासमुंद।** बारिश, नमी और दूषित जल से कई तरह के बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं, जिनमें से कुछ आंखों के संक्रमण का कारण बन सकते हैं। बारिश के दिनों में हवा में नमी बढने़ के कारण वायरस और बैक्टीरिया का खतरा बढ़ जाता है। इससे आंखों में कन्जक्टिवाइटिस, रेडनेस, आई फ्लू आदि की समस्या होने लगती है। कंजक्टिवाइटिस वायरस और बैक्टीरिया से फैलता है, जिसके चलते यह एक से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैलता है। कंजक्टिवाइटिस को पिंक आइज की समस्या भी कहा जाता है। ज्यादातर यह समस्या सामान्य इलाज से ही ठीक हो जाती है। इसके गंभीर होने का खतरा कम होता है। चूंकि आंख सबसे ज्यादा संवेदनशील अंग है, इसलिए इनका विशेष ख्याल रखने की जरूरत होती है।




ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### मुख्य सचिव ने पूंजीगत निवेश विशेष सहायता योजना के कार्यों की समीक्षा की

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में राज्यों को पूंजीगत निवेश हेतु विशेष सहायता योजना के तहत केन्द्र से स्वीकृत प्रस्तावों के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके विभाग के अंतर्गत यदि किसी योजना के लिए पूंजीगत निवेश हेतु विशेष सहायता योजना के तहत राशि की आवश्यकता है तो इसके लिए शीघ्र ही प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी मौजूद थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में गृह एवं वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. भारतीदासन सहित स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, गृह, समाज कल्याण, लोक निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

### पूर्व पदाधिकारियों की सलाह व मार्गदर्शन से चुनाव को लेकर बन रही रणनीति : साव

**रायपुर ( ए )।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव मंगलवार को दो दिवसीय जिलों के प्रवास पर है। साव का यह दौरा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बेहद महत्वपूर्ण है। सिहावा व धमतरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने चौक में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का स्वागत किया। बैठक के पूर्व अरुण साव ने प्राचीन कर्णेश्वर मंदिर का दर्शन किया और प्रदेश की खुशहाली का कामना की तत्पश्चात साव ने सिहावा और धमतरी में विधानसभा कोर टीम के साथ आगामी चुनाव को लेकर बैठक की। इसमें केंद्रीय नेतृत्व से प्राप्त दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। बैठक में साव ने कार्यकर्ताओं में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोश भरा। उन्हें जीत के लिए पूरी तैयारी के साथ जुट जाने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी प्रदेश में मजबूती के साथ मैदान में उतर रही है। भाजपा की तैयारी से कांग्रेस में भय व्याप्त है। इसलिए प्रदेश में उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री तक को बदलना पड़ा। ये आप जैसे मेहनती कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम है। इस बार जनता ने इस सरकार को बदलने का मन बना लिया है। इस बार बीजेपी की जीत निश्चित है। आप लोग इसी तरह मैदान में डटे रहना है। साव ने प्रदेश स्तरीय, संभाग स्तरीय, विधानसभा स्तरीय व मंडल स्तर पर संगठन के कार्यक्रमों को लेकर बातचीत की।

## छत्तीसगढ़ ग्रामीण आजीविका शिखर सम्मेलन 2023

# महिला किसानों को सशक्त बनाने विशेषज्ञों ने दिया जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कृषि विभाग समर्थित, ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी और सोसाएटी फॉर डेव्हलपमेंट अल्टरनेटिव्स द्वारा एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कार्यक्रम के तहत 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण आजीविका शिखर सम्मेलन 2023' का आयोजन किया गया। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में शामिल प्रमुख हितधारकों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करने के लिए मंच प्रदान करना था, जिसमें किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), सरकारी पहल और पारिस्थितिकी तंत्र विकास पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही महिलाओं के लिए आजीविका के विकास और संबंधित एफपीओ की स्थिरता के लिए एक सक्षम वातावरण विकसित करने के लिए एक रणनीति पर विचार-विमर्श करना भी एक प्रमुख उद्देश्य था।




वक्ताओं और विशेषज्ञों ने छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, पंजाब, महाराष्ट्र और तेलंगाना जैसे अन्य राज्यों में एफपीओ पारिस्थितिकी तंत्र में अमूल्य अनुभव को साझा किया। इन सभी हितधारकों को एक साथ आने और प्रासंगिक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने और नीतियों के लिए अन्य सुझावों को व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर (परिवर्तन कार्यक्रम) के तहत पूरे भारत में व्यक्तियों की आजीविका में सुधार के लिए कई पहल की है। एचडीएफसी बैंक, विशेष रूप से ऑन-फार्म, ऑफ-फार्म और गैर-फार्म के माध्यम से किसानों, महिलाओं और युवाओं की आजीविका हस्तक्षेप के सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एचडीएफसी बैंक सीएसआर (परिवर्तन कार्यक्रम) का उद्देश्य 5 लाख से ज्यादा किसानों की आय बढ़ाना और 2 लाख से अधिक युवाओं, महिलाओं और किसानों के कौशल का विकास करना है। एचडीएफसी बैंक सीएसआर (परिवर्तन कार्यक्रम) ने राज्य में स्थानीय आर्थिक सक्रियता को भी गांवों में व्यक्तिगत और समूह उद्यमों के माध्यम से बढ़ावा दिया है।

सम्मेलन में एफपीओ के निदेशकों, सार्वजनिक और निजी हितधारकों और विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र हितधारकों ने भाग लिया। इसमें राज्य के भीतर और बाहर के सफल एफपीओ के अनुभव को साझा करना भी शामिल था।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, शीतल वर्मा, स्पेशल सेक्रेटरी, फाइनेंस, पद्मिनी भोई साहू, एसएमडी, सीजीएसआरएलएम (बिहान), प्रोफेसर वी पद्मानंद, तरुण बैजनाथ और चिराग जैन, पार्टनर, ग्रांट थॉर्नटन भारत, देव कुमार, डायरेक्टर, ग्रांट थॉर्नटन भारत समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने की छत्तीसगढ़ में स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा

# मतदाता जागरूकता के लिए प्रभावी गतिविधियां संचालित करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आगामी विधानसभा आम निवार्चन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में संचालित स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा में आयोजित दो दिवसीय समीक्षा-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयोग के अधिकारियों ने सभी जिलों में मतदाताओं को जागरूक करने चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा की और उप जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-जिला स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग में स्वीप के संचालक संतोष अजमेरा, सचिव संतोष कुमार, स्वीप के वरिष्ठ सलाहकार आर.के. सिंह और सुश्री रजनी उपाध्याय राज्य में स्वीप गतिविधियों की समीक्षा के लिए दो दिनों के प्रवास पर रायपुर आए हुए हैं।




भारत निर्वाचन आयोग में स्वीप के संचालक संतोष अजमेरा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिए आयोग निर्वाचन की हर गतिविधियों को गंभीरता से संचालित करती है। त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली से सुचारू मतदान में मदद मिलती है। उन्होंने मतदाता जागरूकता, निर्वाचक पंजीयन और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे विभिन्न नवाचारों और स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में नवविवाहित महिलाओं के नाम उनके नए निवास स्थल की मतदाता सूची में जोड़ने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे नवविवाहिता सम्मान कार्यक्रम की सराहना की।

श्री अजमेरा ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के कारण निर्वाचन की प्रक्रिया को और अधिक सहभागी बनाने तथा मतदाताओं का पंजीयन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अधिकारियों का यह दो दिनों का प्रशिक्षण उपयोगी होगा और यह उन्हें निर्वाचन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों के बेहतर निर्वहन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। श्री अजमेरा ने उद्घाटन सत्र के दौरान विधानसभा निर्वाचन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा तैयार मास्कोट 'चुनई चिरई' का अनावरण भी किया।

# छत्तीसगढ़ी कला को बढ़ावा देने आदिवासी कारीगर मेला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ी कला को बढ़ावा देने के लिए गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में आदिवासी कारीगर मेला का आयोजन किया गया। मेला जिले के आदिवासी कारीगरों द्वारा निर्मित हस्तकला उत्पादों के विक्रय एवं कला को बढ़ावा देने संस्था ट्राईफैड द्वारा आयोजित किया गया। ट्राईफैड का उद्देश्य जनजातीय कारीगरों द्वारा उत्पादित उत्पादों का विपणन और लॉजिस्टिक विकास को बढ़ावा देना है।



मेले में जिले के सभी विकासखण्डों से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों के आदिवासी परिवारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्व-सहायता समूह द्वारा मेले में बांस से निर्मित सामग्री, टोकनी, सूपा, मछली पकड़ने का यंत्र, पूजा सामग्री, महिलाओं के गले एवं कान के मिट्टी की बालियाँ, टॉप्स, फ्लावर डेकोरेशन आईटम, धान की ज्वैलरी में गले का हार, राखियां एवं अंगूठी आदि, छिन के पत्तों के आधुनिक सजावटी सामान, चटाई, मिट्टी के कलात्मक बर्तन, लोहे के औजार, सूखे वनोपज से निर्मित सजावटी सामान और मिट्टी पर नक्काशी की गई मूर्तियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

आदिवासी कारीगर मेला में एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक ने बताया कि एनआरएलएम अंतर्गत गठित आदिवासी स्व-सहायता समूहों के द्वारा निर्मित जिले की विशिष्ट पहचान दिलाने वाले उत्पादों को सूचीबद्ध कर ट्राईफैड के माध्यम से विभिन्न शहरों में विक्रय के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होने आदिवासी कारीगरों को भी महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा में जगह देकर उत्पादों का निर्माण करने तथा ट्राईफेड संस्था के लिंक करने की बात कही। कार्यक्रम में ट्राईफेड दिल्ली से कर्नल विनीत प्रभात, हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायपुर के एल एस भट्टी, क्षेत्रीय प्रबंधक ट्राईफेड पी एस चक्रवर्ती, सीईओ जनपद पंचायत गौरेला, जनपद सीईओ पेण्ड्रा, सहित सहायक परियोजना अधिकारी और जिला एवं जनपद स्तर के विकास विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान

# गंभीर कुपोषित नन्हे भियान की लौटी मुस्कान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत छत्तीसगढ़ को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त बनाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है। इसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक गरम भोजन दिया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। कई बच्चों के चेहरों पर मुस्कान फिर लौट आई है। विगत साढ़े चार साल में लगभग 2 लाख 65 हजार बच्चे कुपोषण से मुक्त हुए हैं और डेढ़ लाख महिलाएं एनीमिया से बाहर आ गई हैं। इनमें महासमुंद ज़िले के सेक्टर पटपरपाली के साल्टेभाठा पंचायत के बैगा खम्हरिया गांव की टोमेश्वरी पटेल



एवं नारद पटेल का पुत्र भियान पटेल भी शामिल है।

एक समय था जब नन्हे भियान का वजन निरंतर कम होता जा रहा था जिससे वह गंभीर कुपोषण का शिकार हो गया। उसका वजन घटकर 7.200 किलोग्राम हो गया था। भियान की खाने के प्रति उदासीनता बढ़ती जा रही थी और वह गुमसुम सा होने लगा था। जबकि उसकी उम्र के अन्य बच्चे स्वस्थ और चंचल थे। गृहभेंट और वृद्धि निगरानी के के लिए गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा उसके परिवार से इस संबंध में चर्चा की और पोषण संबंधी जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी बैगा खम्हरिया में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत रोज गर्म पोष्टिक भोजन देने की वजह से पांचवें माह में ही उसके वजन में दो किलो की बढ़ौतरी हो गई इससे वह कुपोषण के मध्यम श्रेणी में आ गया। पौष्टिक आहार और नियमित देखभाल से एक साल के भीतर उसका वजन बढ़कर 5 किलो हो गया है। गंभीर कुपोषण से मुक्त होकर अब सामान्य श्रेणी में आ गया है। इससे नन्हे भियान के चेहरे पर मुस्कान फिर लौट आई है।

### 1 से 13 अगस्त तक जिले में होगा वजन त्यौहार

# कुपोषण की स्थिति का होगा सहीं आकलन, कम करने बनेगी कार्ययोजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिले में प्रदेशव्यापी वजन त्यौहार के अंतर्गत 1 से 13 अगस्त तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार मनाया जाएगा। इसमें 0 से 06 वर्ष तक सभी बच्चों का वजन लेकर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। 0 से 06 वर्ष के सभी बच्चों का वजन क्लस्टरवार तिथि का निर्धारण करते हुए क्लस्टर के चिन्हांकित आंगनबाड़ी केन्द्रो में किया जाएगा। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी पालकों से आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर वजन कराने का आग्रह किया है।



इस आयोजन के माध्यम से कुपोषण की स्थिति का सही आकलन होगा और कुपोषण कम करने के लिए जन जागरूकता लाई जाएगी और कार्ययोजना भी बनाई जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। वजन त्यौहार के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में 6 वर्ष से कम आयु बच्चों के पोषण स्तर का आकलन के साथ ही बच्चों की निःशक्तता की स्थिति के बारे में जानकारी ली जाएगी। इससे स्थान विशेष और वर्गों में कुपोषण की पहचान होगी और किन स्थानों पर, किन कारणों से कुपोषण अधिक है यह स्पष्ट हो सकेगा। इससे उस स्थान या वर्ग के लिए विशेष योजना बनाई जा सकेगी। साथ ही बच्चों के पोषण स्तर के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते हुए उन्हें कुपोषण के संबंध में जागरूक कर, बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने हेतु उचित परामर्श दिया जाएगा।

महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम के अधिकारी ने बताया कि वजन त्यौहार के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पर्यवेक्षक परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत और वार्ड में जनप्रतिनिधि, संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्व.सहायता समूहों के सदस्यों, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शालेय शिक्षक एवं अन्य सहयोगियों की आयोजन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने के प्रयास किए जा रहे है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# साइड फैट को दूर करने के लिए करें ये 5 एक्सरसाइज, जल्द दिखेगा असर

साइड फैट कमर के किनारों पर मौजूद अतिरिक्त चर्बी होता है। इसे आमतौर पर मफिन टॉप के रूप में जाना जाता है।कई लोगों को लगता है कि साइट फैट को कम करना मुश्किल भरा काम है, लेकिन कुछ एक्सरसाइज के जरिए इससे छुटकारा मिल सकता है। आइए आज हम आपको 5 ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिन्हें रोजाना 20-30 मिनट तक करने से साइड फैट को कम करने और पतली कमर बनाने में मदद मिल सकती है।

### साइड प्लैंक

इसके लिए पैरों को सामने की ओर फैलाकर जमीन पर बैठें और दाएं हाथ की हथेली को जमीन पर रखें। इसके बाद धीरे-धीरे अपने शरीर का सारा वजन दाई हथेली और दाएं पैर पर डालें। अब बाएं पैर को दाएं पैर पर रखें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर सीधा रखें, फिर अपना ध्यान बाएं हाथ की उंगलियों पर केंद्रित करें। कुछ देर बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।यहां जानिए अलग-अलग तरीकों से की जाने वाली प्लैंक एक्सरसाइज।

### बाइसिकल क्रंच

एब्डॉमिनल क्रंच एक्सरसाइज का वेरिएशन पार्ट बाइसिकल क्रंच के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेंट जाएं। अब दोनों हाथों को सिर के पीछले हिस्से पर रखें और पैरों को जमीन से थोड़ा ऊपर उठाएं। इस दौरान बिना गर्दन में खिंचाव लाए कंधों को जमीन से थोड़ा ऊपर उठा लें। अब दाएं पैर के घुटने को छाती के पास ले आएं और इसे सीधा करके बाएं घुटने को छाती के करीब लाएं। 5 मिनट तक लगातार धीरे-धीरे ऐसे ही दोहराएं।

### लेग लिफ्ट

सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर पीठ के बल सीधा लेटें।इसके बाद दोनों पैरों को घुटनों से मोड़े। इसके बाद एक पैर को 45 डिग्री तक उठाकर वापस नीचे करें। कुछ सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं। प्रत्येक पैर से इसे 15 से 20 बार दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करने से कमर के किनारे पर मौजूद अतिरिक्त चर्बी धीरे-धीरे कम हो सकती है।

### हिप डिप्स

सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेट जाएं। इसके बाद पैरों को इस तरह से मोड़ें जिससे शरीर का निचला हिस्सा ब्रिज जैसा दिखने लगे। इस दौरान अपने दोनों हाथों को एड़ियों के करीब लाने की कोशिश करें। अब कूल्हों को धीरे-धीरे एक मिनट तक ऊपर-नीचे करें। यह एक्सरसाइज का एक रेप्स है। ऐसे कम से कम 5 रेप्स करें। आप चाहें तो अपनी सुविधा के लिए सिर के नीचे एक तौलिये को लपेटकर रख सकते हैं।

### डंबल साइड बेंड

इस एक्सरसाइज के लिए सबसे पहले एकदम सीधे खड़े हो जाएं और दोनों हाथों में अपनी क्षमतानुसार डंबल उठा लें। अब दाएं हाथ को ऊपर उठाएं और बाईं ओर झुककर खुद को अधिक से अधिक स्ट्रेच करने की कोशिश करें। इस अवस्था में 10-15 सेकेंड तक रहें और फिर इसी प्रक्रिया को अपने बाएं हाथ से भी दोहराएं। हर तरफ से कम से कम 20 बार ऐसा करें। बेहतर परिणाम के लिए कुछ दिनों तक इस एक्सरसाइज को लगातार करें।

# क्या आप भी टॉवल से दबाकर फोड़ते हैं पिंपल्स

## ऐसा करने से बढ़ सकते हैं ये 5 स्किन प्रॉब्लम्स



चेहरे पर मुहांसे या पिंपल निकलने से खूबसूरती छीन सी जाती है। कई लोग फेस पर छोटे-छोटे दाने देख परेशान हो जाते हैं। ऐसे में इससे छुटकारा पाने के लिए वे तौलिए या किसी कपड़े की मदद से पिंपल्स को फोड़कर उसका भरा पस निकालने लगते हैं। इससे चेहरे पर निकले पिंपल्स और सूजन कम तो हो जाते हैं लेकिन साइड इफेक्ट्स खतरनाक हो सकता है। आइए जानते हैं पिंपल फोड़ने के क्या-क्या नुकसान हैं।

### टॉवेल से पिंपल दबाकर फोड़ने के 6 साइड इफेक्ट्स

- हम जिस टॉवेल का यूज बाथरूम में करते हैं, उसमें काफी बैक्टीरिया हो सकते हैं। जब इनसे पिंपल को फोड़ा या दबाया जाता है तो बैक्टीरिया स्किन के अंदर चले जाते हैं। जिससे इंफेक्शन फैल सकता है। कई रिसर्च में भी बॉथरूम के टॉवेल में बैक्टीरिया होने की बात कही गई है।
- टॉवेल का कपड़ा हार्ड या मोटा होने पर अगर उनसे पिंपल्स फोड़े जाते हैं, तो स्किन पर रगड़ होती है। इससे स्किन कटने-छिलने या उसमें जलन या इंफेक्शन का रिस्क बढ़ जाता है।
- पिंपल्स फोड़ने में टॉवेल का ज्यादा इस्तेमाल स्किन ड्राईनेस को बढ़ावा दे कता है। इससे पिंपल की समस्याएं और भी ज्यादा गंभीर हो सकती हैं। मतलब फायदा कम और नुकसान बहुत ज्यादा हो सकता है।
- जब हम पिंपल को दबाते हैं तो हाथों और नाखूनों में भी बैक्टीरिया होते हैं, जो ट्रांसफर होकर स्किन में चले जाते हैं और किसी न किसी बड़ी समस्या का कारण बन सकते हैं। इससे स्किन इंफेक्शन हो सकता है।
- पिंपल या मुंहासों को दबाने के बाद उसके आसपास की स्किन डैमेज हो सकती है। घाव, रैशेज और सूजन की समस्या बढ़ सकती है।
- जब पिंपल्स को टॉवेल की मदद से फोड़ते हैं तो आसपास की स्किन पोर्स तक बैक्टेरिया और इंफेक्शन फैलने से नए पिंपल्स या मुंहासे बन सकते हैं।

# येलो कलर की साड़ी पहनकर सोफिया ने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर

## तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी



सोफिया अंसारी आए दिन अपनी बोल्ड बिकिनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हालांकि एक बार फिर से सोफिया ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों फैंस के बीच शेयर कर एक बार फिर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर दिया है। इन तस्वीरों में उन्होंने साड़ी पहनकर अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट किया है। उनके इस अंदाज को देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। इंटरनेट मीडिया स्टार सोफिया अंसारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती है। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में सोफिया ने अपनी बेहद सेक्सी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में सोफिया ने येलो कलर की साड़ी पहनी हुई है। साथ ही बिन ब्लाउज पहने हुए अपने शरीर को साड़ी से ढका है। सोफिया अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। उनका ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। हालांकि लोग उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट भी कर रहे हैं। सोफिया की इन तस्वीरों ने एक बार फिर से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। बताते चलें कि सोफिया अंसारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# मेगा प्रिंस के साथ जुड़ीं मीनाक्षी चौधरी



तेलुगु फिल्म उद्योग में, यह एक प्रसिद्ध चलन है कि स्टार नायक शायद ही कभी अपनी फिल्मों में नायिकाओं को दोहराते हैं, जिससे अभिनेत्रियों का करियर छोटा हो जाता है। हालांकि, हाल के दिनों में पूजा हेगड़े एक स्टार हीरोइन के रूप में चमकने में कामयाब रही थीं, लेकिन उनकी हालिया प्रतिबद्धताओं के कारण उनकी स्थिति भी बदल गई है। अब, सुर्खियों का केंद्र मीनाक्षी चौधरी पर है, जिन्होंने दो बड़े नामों - पवन कल्याण और महेश बाबू अभिनीत फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ हासिल की हैं।

मीनाक्षी चौधरी, महेश बाबू की आगामी फिल्म गुंटूर करम हीरोइन में दिखाई देने वाली हैं, जो सुपरस्टार के साथ अभिनय करने का उनका पहला अवसर है। यह उपलब्धि उनके करियर में एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में सामने आई है।

इसके अलावा, उनसे वीटी 14 में मुख्य भूमिका के लिए संपर्क किया गया है, जो मेगा प्रिंस वरुण तेज की बहुप्रतीक्षित परियोजना है और करुणा कुमार द्वारा निर्देशित है, जो अपनी कंटेंट-संचालित पहली फिल्म पलासा 1978 के लिए प्रशंसित हैं। फिल्म 27 जुलाई को लॉन्च होने वाली है, और मीनाक्षी चौधरी का संभावित समावेश इस प्रतिष्ठित परियोजना के लिए एक बड़ा बढ़ावा होगा।

वीटी 14 एक महत्वाकांक्षी कहानी का दावा करता है, और करुणा कुमार ने एक प्रभावशाली कथा सुनिश्चित करने के लिए वरुण तेज की भूमिका को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया है। 1960 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित, फिल्म निर्माता उस युग के माहौल को प्रामाणिक रूप से फिर से बनाने के लिए लगन से काम कर रहे हैं।

दूसरी ओर, इन फिल्मी प्रयासों के बीच, लवबर्ड्स वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी ने हाल ही में सगाई कर ली है, और उनकी डेस्टिनेशन वेडिंग की योजना चल रही है। जहां इटली को शादी के गंतव्य के रूप में चुना गया है, वहीं भव्य उत्सव के लिए एक भव्य रिसॉर्ट को पहले ही अंतिम रूप दिया जा चुका है। अपनी प्रतिभा और अवसरों के साथ, मीनाक्षी चौधरी निस्संदेह तेलुगु फिल्म उद्योग में अपनी पहचान बना रही हैं, और उनके प्रशंसक इन आगामी हाई-प्रोफाइल फिल्मों में उनके प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O.
&
CLERK,
MBA,
RLY.,
SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### शहीद कौशल यादव को शहादत दिवस पर महापौर ने दी आदरांजलि

**रायपुर।** शहीद कौशल यादव के शहादत दिवस पर राजधानी शहर के प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने राजधानी शहर में काली माता मन्दिर के सामने शहीद कौशल यादव चैक में नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गये संक्षिप्त एवं गरिमामयी आयोजन में पहुंचकर समस्त राजधानीवासियों की ओर से शहीद कौशल यादव का उनके शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सादर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की. महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि शहीद कौशल यादव ना केवल रायपुर शहर एवं छत्तीसगढ़ राज्य बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के गौरव पुरुष हैं. शहीद कौशल यादव द्वारा कारगिल के युद्ध के दौरान दिखलाई गयी अद्वितीय वीरता, अदम्य शौर्य सहित मातृभूमि के लिये दी गयी उनकी शहादत को युगों - युगों तक प्रत्येक नागरिक द्वारा ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा. शहीद कौशल यादव की जीवन गाथा से सभी नागरिकों को राष्ट्र हित के लिये अपना जीवन सर्वस्व न्योछावर करने की सकारात्मक ऊर्जा एवं प्रेरणा शक्ति प्राप्त होती रहेगी. संक्षिप्त और गरिमामयी आयोजन में नगर निगम जोन 5 जोन अध्यक्ष मन्नू विजेता यादव, गणमान्य जनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों ने शहीद कौशल यादव चैक में शहीद कौशल यादव को शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सादर नमन कर श्रदांजलि अर्पित की. शहीद कौशल यादव ने कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि की सेवा करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया. शहीद कौशल यादव की पुण्य स्मृतियाँ चिरस्थाई बनाने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा काली माता मन्दिर के सामने के चैक का नामकरण शहीद कौशल यादव चैक रखा है, जहां उनके शहादत दिवस एवं जयन्ती पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व का पुण्य नमन करने नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा संक्षिप्त एवं गरिमामयी पुष्पांजलि आयोजन रखा जाता है।

### तेलीबांधा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**रायपुर।** राजधानीवासियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया के मार्गदर्शन में राजधानी शहर रायपुर में संचालित लोककल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत राजधानीवासियों को एक और शानदार सौगात नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के अन्तर्गत आने वाले शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्रमांक 33 के तेलीबांधा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दाई दीदी मोबाइल क्लीनिक का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किये जाने के रूप में प्राप्त हुई. तेलीबाँधा में आयोजित संक्षिप्त एवं गरिमामयी आयोजन में पहुंचकर पूर्व केन्द्रीय मन्त्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सांसद एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह प्रभारी सप्तगिरी उल्का, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी चन्दन यादव, विजय जांगड़े, नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, रायपुर उत्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जुनेजा, सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष एवं निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष सुन्दरलाल जोगी, विद्युत,अग्निशमन, यात्रिकी विभाग के अध्यक्ष अजीत कुकरेजा, महिला एवं बाल विकास विभाग की अध्यक्ष द्रोपती हेमन्त पटेल,नगर निगम जोन 9 जोन अध्यक्ष सुन्दरलाल जोगी, शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्रमांक 33 की पार्षद सीमा संतोष साहू,नगर निगम अपर आयुक्त शैलेन्द्र पाटले, जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय,प्रभारी कार्यपालन अभियन्ता के. के. शर्मा, वार्ड वासी गणमान्य जनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य फीता काटकर तेलीबांधा में नवनिर्मित सतनाम भवन का लोकार्पण किया एवं दाई दीदी क्लीनिक मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इसके पूर्व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व केन्द्रीय मन्त्री कुमारी शैलजा ने दाई दीदी क्लीनिक मोबाइल यूनिट में अपने बी पी ( रक्तचाप ) की जाँच करवाई. उन्होंने सामुदायिक भवन ''सतनाम भवन'' के लोकार्पण पर सभी राजधानीवासियों को हार्दिक बधाई दी एवं इस हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया, महापौर एजाज ढेबर, रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्यों, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया सहित राजधानी शहर के प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, वार्ड पार्षद जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारियों की लोकहितैषी कार्यप्रणाली को सराहा।

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना

# मंत्री अकबर के संज्ञान में आते ही किसानों के खाते में पहुंच गए 02 करोड़ रूपए

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर ।राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किस्त मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 22 मई 2023 को जारी की गई थी। इसमें कबीरधाम जिले के 2238 किसानों के खाते में राशि अपूर्ण जानकारी के कारण हस्तांतरित नहीं हो पाई थी। यह जानकारी प्रदेश के वन मंत्री व कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर के संज्ञान में आई। उन्होंने तत्काल कार्यवाही करते हुए कलेक्टर कबीरधाम जन्मेजय महोबे को निर्देश दिया कि इन किसानों के खातों को अपडेट करवाकर किसान न्याय योजना की राशि इसमें शीघ्र हस्तांतरित करवाई जाए। वन मंत्री के निर्देश के फलस्वरूप किसानों के खाते में 02 करोड़ 09 लाख 85 हजार रूपए की राशि हस्तांतरित हो गई।**



पहले किस्त में मिली थे 79 करोड़ से अधिक की राशि-राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कबीरधाम जिले में लाभान्वित होने वाले किसानें की संख्या 01 लाख 11 हजार 373 है। पहली किस्त में 79 करोड़ 45 लाख 47 हजार रूपए किसानों के खाते में हस्तांतरित हुए थे अब 02 करोड़ 09 लाख 85 हजार रूपए की राशि और हस्तांतरित कर दी गई है। किसानों के खाते में 04 किस्तों में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि हस्तांतरित की जाती है। किसानों को दूसरी किस्त की राशि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को मिलेगी। गत वर्ष कबीरधाम जिले में किसानों को 04 किस्तों में 310 करोड़ 11 लाख 04 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में किसानों को उनके द्वारा बेचे गए धान के समर्थन मूल्य की राशि के अलावा किसानों को प्रति एकड़ 09 हजार के मान से प्रदान की जाती है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को उनके धान का उपज का सही दाम मिले और किसानों धान बेचने में उन्हे कम लागत लगे। इसके लिए भी नीति बनाकर प्राथमिक सेवा सेवा सहकारी समितियों पुर्नगठन और नए धान खरीदी केन्द्र भी बनाए गए है।

कबीरधाम जिले में वन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के अनुरोध पर मुख्यमंत्री बघेल के मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा जिले में किसानों की सहुलियतों को ध्यान में रखते हुए 30 नए प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों को पुर्नगठन किया है। पहले जिले में 60 समितियों हुआ करती थी। अब बढ़कर 90 प्राथमिक सेवा सहकारी समितियां हो गई है। इसी प्रकार किसानों की आमदानी बढ़ाने और कृषि लागत कम करने का भी पुरजोर प्रयास किया गया है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर के आग्रह पर राज्य शासन द्वारा 23 नए धान खरीदी केन्द्र बनाए गए है। पहले जिले में धान खरीदी 87 थी। किसानों के आग्रह पर 23 नए धान खरीदी केन्द्र खोले गए अब जिले में 87 से बढकर 107 धान खरीदी केन्द्र हो गए हैं। किसानों की हितों को ध्यान में रखते हुए जिले में लगातार बैंकिग सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री अकबर के प्रयासों से जिले के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में जिला सहकारी केन्द्रीय बैक की तीन नई शाखाएं खोली गई है। इस सुविधा का लाभ किसानों को सीधा मिल रहा है। जिले के रेगाखार, रबेली और तरेगांव जगल में बेंकिग सुविधाएं खुलने से हजारों किसानों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। इस प्रकार नए समितियां, नए धान खरीदी केन्द्र और बैकिंग सुविधा बढ़ने से किसानों की आमदानी बढ़ी है और कृषि लागत सहित वाहन भाड़ा भी कम हुए है। किसानों की समृद्धि और उन्हे सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

कबीरधाम जिले के किसानो के मांग के अनुरूप वनाचंल के रेंगाखार, तरेंगांव जंगल और मैदानी क्षेत्रों के ग्राम रबेली में बैंक का शुभारंभ किया गया है। इन स्थानों में बैंक के खुलने से जिले के 10924 पंजीकृत किसानों को सीधा लाभ रहा है। बैंक के लिए इस क्षेत्र की यह वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे पूरा किया गया।

बैंक खुलने से अब ग्रामीणों को समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। पहले बैंक के कार्य और पैसा निकालने के लिए दूर नगर क्षेत्र जाना पड़ता था। लेकिन अब क्षेत्रवासियों के लिए बैंक खुलने से सुविधाओं का विस्तार हुआ है।

## भाजपा छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने का षडयंत्र रच रही - कांग्रेस



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने का षडयंत्र रच रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री ने मणिपुर से छत्तीसगढ़ की तुलना की, केन्द्रीय मंत्री पियुष गोयल ने छत्तीसगढ़ की तुलना मणिपुर से की और भारतीय जनता पार्टी का छत्तीसगढ़ का एक नेता ने मणिपुर के बाद अब छत्तीसगढ़ का नंबर सोशल मीडिया में पोस्ट किया है।

यह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने के लिये कुछ न कुछ षडयंत्र रच रही है। आखिर छत्तीसगढ़ मणिपुर की साम्यता क्या है? मणिपुर में 50 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गये है। 5000 से अधिक घरो को जला दिया गया है। 100 से अधिक लोग मर गये है। माताये-बहनों को वहां नग्न करके घुमाया जा रहा है। ऐसे अशांत प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा छत्तीसगढ़ की तुलना किया जाना भाजपा के बड़े षडयंत्र की ओर इशारा कर रह मुद्दाविहीन भाजपा निचले स्तर की राजनीति पर उतर आई है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद महिलाओं के जीवन जीने के लिये अपराधमुक्त सुरक्षित वातावरण तैयार हुआ है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते है कि छत्तीसगढ़ में पिछले साढ़े 4 साल में महिलाओं के प्रति अपराधों में 78 प्रतिशत की कमी आई है। बलात्कार के मामलों में 62 प्रतिशत और सामूहिक बलात्कार के मामलों में 69 प्रतिशत तक की कमी आई है। घरेलू हिंसा में भी कमी आई है। पूर्व रमन भाजपा सरकार के दौरान दुष्कर्म के मामले में 2018 में प्रति लाख आबादी में घटित होने वाले अपराध में देश मे छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर, वर्ष 2017 में दूसरे स्थान पर था। कांग्रेस सरकार के द्वारा मजबूत की गई कानून व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा के लिये उठाएंगे प्रभावी कदम के बाद वर्ष 2023 में इस अपराध में प्रभावी नियंत्रण हुआ आज छत्तीसगढ़ 9वें स्थान पर है।

## छत्तीसगढिया ओलम्पिक खेलों के लिए रहा भारी उत्साह

श्रीकंचपनथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढिया ओलम्पिक खेलों के लिए जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में उत्साह, उमंग और ऊर्जा का माहौल रहा। जिसमें सभी वर्ग के बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बारिश के बाद भी जिले के खिलाडियों ने छत्तीसगढिया ओलम्पिक में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढिया ओलम्पिक शुरू किया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, फुगड़ी एवं रस्सीकूद में महिलाओं ने विशेष रूचि दिखाई। वहीं पुरूषों ने गिल्ली डंडा में अपनी कुशलता प्रदर्शित की। बच्चों ने खो-खो, भंवरा, बांटी खेलों में खुशी पूर्वक भाग लिया। नगरीय क्षेत्रों में भी छत्तीसगढिया ओलम्पिक में जनसामान्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजीव युवा मितान क्लब स्तर छत्तीसगढिया ओलम्पिक खेल की प्रतियोगिता 17 से 22 जुलाई तक आयोजन किया गया। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं को जोन स्तर पर भाग लेने का मौका मिला है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष छत्तीसगढिया ओलम्पिक में 16 प्रकार के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। छत्तीसगढिया ओलम्पिक के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिला है। जिससे वे अपने गांव एवं क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं। छत्तीसगढिया ओलंपिक में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में दलीय खेल अंतर्गत गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा) एवं एकल खेल अंतर्गत बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सीकूद, कुश्ती सहित कुल 16 खेलों में प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष तक एवं 40 से अधिक वर्ष आयु वर्ग में महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढिया ओलम्पिक में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अब जोन स्तर की प्रतियोगिता 26 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक आयोजित की जाएगी। जिसमें राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता के विजेताओं द्वारा भाग लिया जाएगा।

## विश्वविद्यालयों तक सीमित ना रखें विद्यार्थियों को बल्कि समाज के बीच जाकर वे संवेदनशील नागरिक बने- राज्यपाल

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। आज के युवा हमारे भविष्य हैं। आने वाली कल की जिम्मेदारी उन पर है। इसलिए वे विश्वविद्यालय की गतिविधियों तक सीमित ना रहें बल्कि आम नागरिकों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझे और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी भूमिका का निर्वहन करें। विद्यार्थियों को संवेदनशील एवं देश भक्त नागरिक बनाने के लिए विश्वविद्यालयों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है।**




उन्होंने कहा कि सभी को मिल कर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए ताकि आत्मनिर्भर भारत की ओर हम अग्रसर हो सके। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज 25 जुलाई को राजभवन में राज्य के सभी 15 शासकीय विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान कार्य एवं अन्य कार्यो की समीक्षा के दौरान उक्त बातें कही। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमल प्रीत सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की स्थिति, नैक (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन कौंसिल) द्वारा विश्वविद्यालयों एवं संबंद्ध महाविद्यालयों के मूल्यांकन की स्थिति, ग्रेडिंग और संस्थानों द्वारा नेक ग्रेडिंग सुधारने के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। साथ ही विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक पदों पर भर्ती एवं नियुक्ति आदि की समीक्षा भी की गई। बैठक में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय और अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के मध्य हुए एम.ओ.यू., अकादमिक सत्र के पालन, परीक्षाओं एवं परिणाम के समय पर जारी करने के संबंध में एवं विश्वविद्यालयों द्वारा कराए गए विशेष अनुसंधान, नवाचार आदि की भी जानकारी ली गई। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से निर्धारित एजेंडा के अनुसार अपने विश्वविद्यालयों की गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हमारे देश में कार्यबल की एक तिहाई का प्रतिनिधित्व करते है। भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जहां युवा आबादी अधिक है। कौशल विकास, नेतृत्व कार्यक्रमों, खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक और अन्य गतिविधियों के माध्यम से युवाओं की असीमित ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए। विश्वविद्यालयों का फोकस ऐसे पाठ्यक्रम डिजाइन करने पर भी होना चाहिए जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़े। सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल विकासित करने वाले पाठ्यक्रम भी होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में बनायी गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है। नई शिक्षा नीति में कई ऐसे प्रावधान है जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लायेंगे। राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि कई विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल और करियर काउंसलिंग सेल स्थापित किए गए हैं, लेकिन यह एक निष्क्रिय सेल नहीं होना चाहिए।

## गीता के उपदेश में छुपा है मानव जीवन का सार : रत्नावली

श्रीकंचपनथ न्यूज

**मुंगेली।** गीता का हर शब्द हमारे जीवन को कष्टमुक्त बनाने की क्षमता रखता है। गीता में जीवन का सार समाहित है। श्रीमद भागवत गीता कथा श्रवण से हर जीव को सांसारिक उलझनों से मुक्ति मिलती है। उक्त उदगार अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन सदस्य एवं महिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने ग्राम देवरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सत्संग में कही। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और आयोजकों ने कथा में सुश्री कौशल को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया था। गांव में पहुंचते ही महिलाओं, युवतियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया। हिंद सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल ने गीता ग्रंथ तथा भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी का रूप धरी बालिकाओं का पूजन वंदन किया।



उन्होंने कथा वाचक पं. भोलेश्वर महाराज और उनके सहयोगी पं. जगकुमार शास्त्री को नमन करते हुए अपना उदबोधन आरंभ किया। सुश्री कौशल ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता में हमारे जीवन का सार निहित है, इस महान ग्रंथ के हर शब्द में जीवन के कष्टों से मुक्ति दिलाने की अदभूत शक्ति है। गीता में मानव जीवन का सार निहित है। गीता के उपदेश मनुष्य को सांसारिक उलझनों तथा अशांति से मुक्त कर सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं और शांति की परम अनुभूति कराते हैं। रत्नावली ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से पापों का क्षय होता है और पुण्य प्रबल होता है। कथा सुनने मात्र से हर जीव को संसार के मायाजाल से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनम का उपदेश देकर फल यानि परिणाम की चिंता किए बगैर कर्म करते रहने की प्रेरणा दी है। यह बात शास्वत सत्य है कि कर्म का फल अवश्य प्राप्त होता है। हम सदकर्म करेंगे, तो अच्छा फल मिलेगा और बुरा कर्म करेंगे तो नतीजा भी बुरा ही होगा। इसलिए हम सभी को सदैव सदकर्म करते रहना चाहिए। सुश्री कौशल ने कहा कि आज इंसान मोह माया और स्वार्थ के भंवरजाल में फंसा हुआ। इस वजह से हिंसा, दुराचार, लूटपाट जैसी अमानवीय घटनाएं बढ़ गई हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रत्नावली कौशल ने कहा कि आज की पीढ़ी संस्कारों और धर्म आध्यात्म से विमुख होती जा रही है। इस तरह के आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजनों से सुसंस्कारों का बीजारोपण होता है और संस्कारी व्यक्ति कभी गलत कार्य कर ही नहीं सकता। इसलिए हर गांव में श्रीमद भागवत कथा, कृष्णलीला, रामलीला एवं राजा हरिश्चन्द्र, भक्त प्रहलाद, गुरु भक्त ध्रुव आदि सुपात्रों के जीवन वृतांत पर आधारित नाटकों का मंचन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, ईसा मसीह, गुरु घासीदास बाबा, गुरु नानकदेव, संत रविदास, भक्त माता कर्मा, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी आदि के जीवन पर आधारित पुस्तकें युवाओं और किशोरों को पढ़नी चाहिए। इससे सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।

### युवतियों में दिखा कौशल का क्रेज

कथा स्थल पर मौजूद महिलाओं, युवतियों और किशोरियों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रत्नवली कौशल की पर्सनालिटी को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। गांव में पहुंचते ही सुश्री कौशल को महिलाओं, युवतियों और किशोरियों ने चारों ओर से घेर लिया। कोई उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश में जुटी थी, तो कोई उनका आटोग्राफलेने लालायित नजर आ थी थी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ईव्हीएम मोबाईल प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर।** जिले में आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाएं जा रहे हैं। आम मतदाता चुनाव के प्रक्रियाओं से परिचित हों और उनको मतदान के तरीकों की जानकारी हो, इस संबंध में प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 25 जुलाई मंगलवार को प्रशिक्षण प्रशासन अकादमी निमोरा से ईव्हीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह वैन आम जनता को ईव्हीएम मशीनों के संचालन के प्रति जागरूक करेगी। मंगलवार को रवाना हुए वैन रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-47 धरसींवा, रायपुर ग्रामीण क्रमांक-48, रायपुर नगर पश्चिम क्रमांक-49, रायपुर नगर उत्तर क्रमांक-50, रायपुर नगर दक्षिण क्रमांक-51, आरंग क्रमांक-52 तथा अभनपुर क्रमांक-53 के मतदान मतदान केन्द्रों लोकेशन में जाएंगे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts● Toys● Cosmetics Perfumes● Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111 Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### अरपा नदी में छलांग लगाकर युवक ने दी जान, सुसाइड के कारणों का नहीं चला पता

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में अरपा नदी पर युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल सका है। कुछ लोगों ने उसे निर्माणाधीन बैराज की तरफ जाते देखा था, जिसके बाद शाम को उसकी लाश नदी में मिली। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को मंगलवार की शाम जानकारी मिली कि पचरीघाट और चिंगराजपारा के पास बैराज बन रहा है, जहां पर नदी में एक युवक की लाश पड़ी है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर उसकी पहचान नहीं हो सकी। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जुटी, तब मरने वाले युवक की पहचान भीम उर्फ अनिल केंवट (25) के रूप में की गई।

बताया जा रहा है कि युवक को दोपहर में निर्माणाधीन बैराज की ओर जाते देखा गया था। लेकिन, यह पता नहीं चल सका कि वह कब नदी में कूद गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सड़क किनारे से सटे दुकानों को निगम ने हटाया

**बिलासपुर ( ए )।** यातायात व्यवस्था में बाधा बनी अवैध कब्जा तोड़ने के लिए नगर निगम और पुलिस की टीम बुलडोजर लेकर निकली। इस दौरान सड़क किनारे और नाली के ऊपर बनी दुकानों को तोड़ दिया गया। वहीं, सड़कों पर रखे ठेला, गुमटी व सामानों को भी जब्त कर लिया गया। टीम ने इस दौरान तारबाहर चौक से गांधी चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

निगम आयुक्त कुणाल दुदावत के निर्देश पर अतिक्रमण विभाग की टीम पिछले एक सप्ताह से सक्रिय है। टीम में इस बार पुलिस को भी शामिल किया गया है। ताकि विवाद और हंगामा करने वालों की धरपकड़ भी जा सके। सोमवार को शनिचरी बाजार से लेकर सदर बाजार तक सड़क पर कब्जा करने वालों को खदेड़ा। इस दौरान सड़क पर व्यवसाय करने वाले फिर इसका विरोध करने लगे और विवाद की स्थिति बन गई। हालांकि, टीम ने उनकी एक नहीं सुनी और सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### स्कूटी में आग लगते ही पेट्रोल पंप में मची अफरा-तफरी

**दुर्ग ( ए )।** पटेल चौक के पास स्थित पेट्रोल पंप में एक स्कूटी चालक द्वारा पेट्रोल भरवाने के बाद स्कूटी चालू करते ही स्कूटी के इंजन में आग लग गई। आग लगने के बाद जहां पेट्रोल पंप में अफरा-तफरी मच गई वही स्कूटी चालक स्कूटी को छोड़कर भाग गया। आग लगने की घटना पेट्रोल पंप परिसर में होने से आस पास अफरा-तफरी मच गई। इससे बड़ी अनहोनी की आशंका से वहां काम कर रहे कर्मचारी सहम गए।

इसके बाद पेट्रोल पंप का पूरा स्टाफ गाड़ी की आग को बुझाने के लिए दौड़ पड़ा। किसी ने फायर सिलेंडर से आग बुझाने की कोशिश की तो किसी ने बाल्टी में रखी रेत को डाला। इसके बाद भी आग नहीं बुझी, फिर लोगों ने पाइप लगाकर पानी डाला, तब जाकर आग बुझी।

बताया जा रहा है जब तक आग बुझी, स्कूटी पूरी तरह से जल चुकी थी। यह स्कूटी होंडा कंपनी की थी, जिसका नाम एवीएटर है। पंप कर्मचारियों ने बताया कि यदि स्कूटी की आग टंकी तक पहुंचती तो उसमें 2-3 लीटर पेट्रोल भरा हुआ था। इससे उसमें ब्लास्ट भी हो सकता था, यदि ब्लास्ट होता तो पेट्रोल पंप को भी नुकसान होता और बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी।

# मिड-डे-मील: फूड प्वॉइजनिंग से 25 से ज्यादा बच्चों की बिगड़ी तबीयत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा के बीर तराई गांव में संचालित माध्यमिक स्कूल में पढ़ने वाले दो दर्जन से ज्यादा बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। सभी बच्चों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



बताया जा रहा कि स्कूल में मध्यान भोजन के दौरान करील की सब्जी बनाई गई थी उसी का सेवन करने के बाद एक के बाद एक बच्चों ने उल्टियां करनी शुरू कर दी। मामले की जानकारी शिक्षा विभाग को दे दी गई है जिनके द्वारा बच्चों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए गए हैं।

कक्षा छठवीं के अनुराग कंवर ने बताया कि मंगलवार की दोपहर एक बजे लगभग मध्यान भोजन की छुट्टी होने के बाद सभी बच्चे भोजन करने लगे। स्कूल में मध्यान्ह भोजन पर करील सब्जी भिंडी और आलू एक साथ मिक्स बना था। जिसे खाने के बाद लगभग दो बजे के बाद एक के बाद एक सभी बच्चों को उल्टी पेट, दर्द और सिर दर्द शुरू हो गया। छठवीं सातवीं और आठवीं कक्षा में पढने वाले लगभग 25 से 30 बच्चों का तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

चेन पूलिंग से रेलवे को हुई तगड़ी कमाई

## 6 माह में वसूला डेढ़ लाख से ज्यादा का जुर्माना




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को यात्री टिकटों से तो भरपूर राजस्व मिल ही रहा है वहीं अन्य मदों से भी रेलवे की खूब कमाई हो रही है। बिना टिकट यात्रियों से जुर्माना काटकर भी रेलवे राजस्व में बढ़ोत्तरी होती है। वहीं ट्रेनों में होने वाली चेन पूलिंग की घटनाएं भी रेलवे की मोटी कमाई का जरिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस वर्ष विगत 6 माह में चेन पूलिंग से ही जुर्माने के रूप में डेढ लाख से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। रेलवे की ओर से प्रथम 6 माह में चेन पुलिंग से रेलवे को हुए राजस्व का आंकड़ा जारी किया गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी-2023 से जून 2023 तक कुल अलग-अलग ट्रेनों में कुल 801 अलार्म चेन पूलिंग की घटनाएं हुई। इन घटनाओं में 765 मामलो में रेलवे एक्ट द्वारा कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई बिना किसी ठोस कारण के अलार्म चेन पूलिंग किए जाने के कारण की गई। इस वजह से रेलवे द्वारा पकड़े गए यात्रियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत रेलवे सुरक्षा बल रायपुर मण्डल क्षेत्राधिकार के पोस्टों द्वारा की गई है। इस दौरान रेलवे द्वारा दर्ज मामलों में 1 लाख 60 हजार 870 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### बिना वजह चेन पूलिंग अपराध

रेलवे की ओर से कहा गया है कि बिना किसी ठोस कारण के अलार्म चेन पूलिंग अपराध की श्रेणी में है। इसमें सजा व जुर्माना दोनों है। यह जानते हुए भी लोग अपनी सुविधा के लिए चेन पूलिंग करते हैं। ऐसा करने से ट्रेन की टाइमिंग पर असर पड़ता है और गाड़ियां लेट हो जाती है। ट्रेन में लगी अलार्म चेन को खतरे की जंजीर भी कहते हैं, मतलब साफहै कि, यह सुविधा खास उदेश्यों के लिए दी गई है। अलार्म चेन पूलिंग से अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## तहसील ऑफिस के क्लर्क ने जमीन की परची बनाने किसान से लिए पैसे, सस्पेंड

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में नायब तहसीलदार के कोर्ट के क्लर्क एक किसान से ऋण पुस्तिका बनाने के नाम पर पैसे की वसूली कर रहा था। जिस पर एडिशनल कलेक्टर ने क्लर्क को सस्पेंड कर दिया है। किसान से पैसे वसूली का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें स्टेनो टाइपिस्ट रिश्वत लेते नजर आ रहा है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पूरा मामला बिल्हा तहसील का है।

बिल्हा एसडीएम कार्यालय में नायब तहसीलदार विनीता शर्मा के स्टेनो टायपिस्ट जगन्नाथ धुरी के पास गांव का एक किसान ऋण पुस्तिका बनवाने गया था। इस दौरान उसने किसान से पैसों की मांग की, जिसके बाद किसान ने उसे पैसे दिया, तब वह परची बनवा कर नायब तहसीलदार से हस्ताक्षर कराने की बात कही। इस दौरान किसान के साथ गए युवक ने पैसे देने का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद एडिशनल कलेक्टर ने स्टेनो टायपिस्ट जगन्नाथ धुरी को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय तखतपुर रहेगा और उसे जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद हुई कार्रवाई

दरअसल, यह मामला करीब 15 दिन पहले का है। इसका वीडियो अब सामने आया है, जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में पीड़ित किसान से क्लर्क पैसे लेते हुए दिख रहा है। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर एडिशनल कलेक्टर ने यह कार्रवाई की है। इस अवैध वसूली के खेल में नायब तहसीलदार के मिलीभगत होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि नायब तहसीलदार बिना पैसे के किसी भी फाइल में हस्ताक्षर नहीं करती। पीड़ित किसान को क्लर्क ने बताया कि साइन कराने के लिए उन्हें पैसा देना पड़ता है। बाकी उनके खुद के लिए भी चाहिए रहता है।

## अवैध शराब के साथ आठ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** रायपुर पुलिस के नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान 'हैलो जिंदगी' के दौरान ताबड़तोड़ कार्रवाई में अवैध शराब के साथ करीबन आधा दर्जन आरोपी पकड़ाए हैं। आरोपियों के कब्जे से 220 अंग्रेजी-देशी शराब जब्त हुई है।



दरअसल 24 जुलाई को थाना कबीर नगर, उरला, सरस्वती नगर, तिल्दा नेवरा, अभनपुर एवं मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब के साथ कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 220 पौवा अंग्रेजी/देशी शराब जुमला कीमती लगभग 25,900/- रुपए जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध संबंधित थानों में कार्रवाई की गई। थाना कबीर नगर के अपराध क्रमांक 146/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के प्रकरण में आरोपी दिनेश खरे पिता भूखन खरे उम्र 48 साल निवासी अटल आवास ब्लॉक नं. 20 म.नं. 387 कबीर नगर थाना कबीर नगर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 4000/- रुपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

थाना उरला के अपराध क्रमांक 286/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के प्रकरण में आरोपी चेतन वर्मा पिता रेवाराम वर्मा उम्र 22 साल निवासी संतोषी नगर बीरगांव थाना उरला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 36 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 4500/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

## लिव इन पार्टनर ने दिया धोखा: युवती ने खाया जहर, बॉयफ्रेंड गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** रायपुर की युवती ने खुदकुशी का प्रयास किया। फिलहाल उसका इलाज शहर के अंबेडकर अस्पताल में जारी है। लड़की ने प्यार में मिले धोखे से तंग आकर जान देने की सोची। फिलहाल युवती खतरे से बाहर है। अब इस मामले में लड़की के बॉयफ्रेंड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये मसला लिव इन रिलेशनशिप और पुरानी प्रेमिका के चक्कर से जुड़ा हुआ है।

तेलीबांधा थाना इलाके में रहने वाली युवती की शिकायत पर अब पुलिस ने लड़की को खुदकुशी के लिए उकसाने वाले बॉयफ्रेंड के खिलाफ कार्रवाई की है। देवेश उर्फ राहुल विश्वा नाम के युवक को इस मामले में पुलिस ने पकड़ लिया है। युवक से पूछताछ की जा रही है।

### प्यार में मिले धोखे की कहानी



युवती ने बताया- मैं और राहुल कुछ महीने से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। वो सारा दिन मेरे साथ ही रहा करता था, रात में अपने घर जाया करता था। उसने मुझसे शादी का वादा किया था मगर इस बीच उसकी पुरानी गर्लउफेंड से उसने संबंध बनाए। बातचीत करने लगा और मुझे कह दिया कि उस लड़की ने राहुल के पिता से शादी की बात कर ली है अब वह उसी से शादी करेगा।

युवती के मुताबिक राहुल ने उसे प्रताड़ित किया, जब मैंने कहा कि मैं ऐसा होने पर अपनी जान दे दूंगी तो मुझे उसने कहा जो करना है करो मुझे तुम से मतलब नहीं। परेशान होकर मैंने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। मैं जीना नहीं चाह रही थी। अब जब मैं अस्पताल में हूं तो उसने मुझे इंस्टाग्राम की दो मोटिवेशनल रील भेजी थी ना मेरा हाल चाल लिया ना मुझे देखने आया।

युवती और राहुल की मुलाकात युवती की एक सहेली ने करवाई थी। इसके बाद लगातार दोनों मिलने लगे और राहुल ने प्रपोज भी किया। इसके बाद शादी की बातें किया करता था, अपने परिजनों से फोन पर मुझसे शादी करने की बातें स्पीकर पर सुनाया करता था मगर इसके बाद उसने धोखा दे दिया।

### और भी लड़कियों से थे संबंध


युवती को पता चला है कि जैसे उसे धोखा मिला राहुल और भी लड़कियों को धोखा दे चुका है। इसके पहले उसके अन्य लड़कियों से भी संबंध रहे हैं। पुरानी प्रेमिका से अचानक नजदीकी बढ़ा ली और मिलने लगा। जब इस बारे में लड़की को पता चला तो राहुल ने पल्ला झाड़ते हुए उसी युवती से शादी करने की बात कह दी। जिसके बाद यह बखेड़ा खड़ा हुआ। मामले में युवती का बयान पुलिस ने लिया है और अब युवक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## ट्यूशन के बहाने छात्रा से छेड़छाड़, परिजनों की शिकायत पर आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। ट्यूशन के बहाने शिक्षक द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ की गई। छात्रा ने घर पर आकर परिजनों को इसकी जानकारी दी इसके बाद इस मामले में शिकायत हुई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोरबा जिले के दीपिका थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा ही टीचर ने खुद की बहाने से छात्रा को ट्यूशन भेजने परिजनों को मजबूर किया था।





मिली जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़ित छात्रा के पिता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसका बेटा और बेटी एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। उसकी बेटी कक्षा पांच में पढ़ती है। पीड़ित पिता ने बताया कि मोहम्मद समीर खान निजी स्कूल में शिक्षक व स्कूल का वाइस प्रिंसिपल है। स्कूल के बाद बच्चों को अपने घर पर ट्यूशन भी पढ़ाता था। पीड़ित छात्रा के पिता ने बताया कि एक दिन टीचर ने ही कहा था कि उसकी बेटी में इंगलिश कमजोर है और उसे ट्यूशन भेजे।

इसके बाद बच्ची को ट्यूशन पढ़ने भेज दिया। कुछ दिन बाद समीर खान छुट्टी पर चला गया। छुट्टी से वापस लौटने के बाद उसने फिर से बच्ची को ट्यूशन भेजने को कहा। इस बाद बच्ची ने ट्यूशन जाने से मना कर दिया। जब पिता ने छात्रा से पूछा तो उसने रोते हुए सारी बात बताई। छात्रा के मुंह से शिक्षक की करतूत सुनने के बाद पिता ने इसकी शिकायत थाने पहुंचकर कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
दुर्ग, दिनांक 18.07.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 08.08.2023 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 149/दुर्ग(दुर्ग)/2023 | जिला दुर्ग के अंतर्गत वि.ख. पाटन के ग्राम जामगांव (आर) में विश्राम गृह भवन के निर्माण का शेष कार्य | 29.85 |
| 152/दुर्ग(बालोद)/2023 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल घोटिया का रेनोवेशन/निर्माण कार्य | 85.66 |
| 153/दुर्ग(बालोद)/2023 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य। | 60.00 |
| 154/दुर्ग(बालोद)/2023 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य। | 60.00 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दुरभाष- 0788-2210876

जी-03622/5



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### मृतक के परिजन को मिली 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डुण्डेरा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्रीमती कुसुमलता देवांगन की विगत 17 दिसम्बर 2021 को जिससे शरीर बुरी तरह जलने से परिजनों द्वारा उपचार हेतु डी.के.एस. अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम देवादा बकघरा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री शंकर यादव की विगत 19 अप्रैल 2022 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप मृतिका स्व. कुसुमलता देवांगन की पति खेमलाल देवांगन को 4 लाख रूपये और मृतक स्व. शंकर यादव के भाई महेश यादव को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### राजेन्द्र को मिली ट्रायसायकल और बैसाखी

**दुर्ग।** समाज कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा दिव्यांग योजनान्तर्गत आज जिला पंचायत प्रांगण में दिव्यांग राजेन्द्र कुमार सोनी, निवासी उरला अटल आवास दुर्ग को पुष्पा भुनेश्वर यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, योगिता चन्द्राकर, सभापति, जिला पंचायत दुर्ग एवं झमित गायकवाड़, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग के करकमलों से ट्रायसायकल एवं बैसाखी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल, जन्तराम ठाकुर, नोडल अधिकारी, अरूण कुमार वर्मा, उपस्थित थे। ज्ञात हो कि उक्त आवेदक राजेन्द्र कुमार सोनी जो कि पैरों से दिव्यांग है, राजेन्द्र कुमार वर्तमान में स्वयं का व्यवसाय बटालियन भिलाई एवं महिला महाविद्यालय भिलाई के पास बेल्ट, चश्मा, पर्स आदि सामाग्री का व्यवसाय करता है तथा उसकी पत्नि पूर्णिमा सोनी जो कि वह दोनों पैर से दिव्यांग है जिसे पूर्व में बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदाय किया जा चुका है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग स्वरोजगार ऋण योजना के तहत पूर्णिमा सोनी द्वारा ऋण लोन लाभ प्राप्त कर स्वयं का फोटोकापी मशीन, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का व्यवसाय कर रहे थे वर्तमान में निजी स्कूल में प्राईवेट टीचर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है।

### मोहंदी में तैयार किया जा रहा 9 एवं 12 वॉट के बल्ब

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत मोहंदी में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान हो रहे हैं। बड़ी संख्या में मोहंदी में बल्ब का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं को रोजगार के साथ आय के अच्छे साधन मिल रहे हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो रही है। इनके उत्पादन हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक मशीने रीपा स्थल पर उपलब्ध कराया गया है। रीपा केन्द्र में वर्तमान में 42 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है, जिसमें 7 पुरूष और 35 महिलाएं है। ग्राम पंचायत मोहंदी विकासखण्ड धमधा जिला दुर्ग में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की गई है, जिसके लिए एक करोड़ 20 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त रीपा में 2 डोमशेड, मुख्यद्वार, अहाता, सीसी रोड, महिला शौचालय, पुरूष शौचालय एवं चैन लिंक फेंसिंग किया गया है, जिसमें एक डोम का निर्माण 10 हजार वर्गफीट में किया गया है, जहां युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान हो रहा है। ग्रामीण विकास के लिए महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रिपा) एक महत्वपूर्ण योजना है और यह योजना मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मोहंदी के रीपा मैनेजर सुभाष साहू ने बताया कि वर्तमान में 6000 बल्ब बनाया गया है।

# बीएसएफ के दो अफसरों को मिला पुलिस पदक

## सराहनीय सेवा के लिए हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ में तैनात बीएसएफ के दो अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। रिसाली स्थित सीमान्त मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल (विशेष संक्रिया) परिसर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सीमा सुरक्षा बल के दो अधिकारियों अनिल कुमार सिंह कमाण्डेंट, सेक्टर हेडक्वार्टर रायपुर और उपेन्द्र राय, कमाण्डेंट, 47वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल को सराहनीय सेवा के लिए इन्दराज सिंह, महानिरीक्षक सीमान्त मुख्यालय द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



कमाण्डेंट अनिल कुमार सिंह, का जन्म बिहार राज्य के बक्सर जिले में हुआ। वर्ष 1993 में सीमा सुरक्षा बल में सहायक कमाण्डेट के तौर पर ज्वाइन किया। अपने सेवाकाल के दौरान देश के विभिन्न सीमा क्षेत्रों पर रहकर अपनी सेवाए दी, जिसमें जम्मू कश्मीर, तुरा, मेघालय एवं सिलीगुडी प्रमुख है। अनिल कुमार सिंह, कमाण्डेंट 05 वर्षों तक एनएसजी में प्रतिनियुक्ति पर सेवारत रहे। इन्हे 30 वर्षों की सेवाकाल के दौरान विभिन्न अवसरों पर डीजीसीआर, आईजीसीआर तथा अन्य सम्मान प्रदान किये गये।

कमाण्डेंट उपेन्द्र राय का जन्म बिहार राज्य के बक्सर जिले में हुआ। वर्ष 1993 में सीमा सुरक्षा बल में सहायक कमाण्डेट के तौर पर ज्वाइन किया। अपने सेवाकाल के दौरान देश के विभिन्न सीमा क्षेत्रों पर रहकर अपनी सेवाए दी जिसमें त्रिपुरा, कश्मीर, राजस्थान एवं पंजाब प्रमुख है। उपेन्द्र राय, कमाण्डेंट 05 वर्षों तक एनएसजी में प्रतिनियुक्ति पर सेवारत रहे। इन्हें 30 वर्षो की सेवाकाल के दौरान विभिन्न अवसरों पर डीजीसीआर, आईजीसीआर तथा अन्य सम्मान प्रदान किये गये ।

अनिल कुमार सिंह, कमाण्डेंट की कर्तव्यनिष्ठा व मेहनत के लिए स्वतंत्रता दिवस वर्ष, 2020 में तथा श्री उपेन्द्र राय, कमाण्डेंट की कर्तव्यनिष्ठा व मेहनत के लिए गणतंत्र दिवस वर्ष, 2021 में सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति द्वारा पुलिस मेडल फॉर मेरीटोरियस सर्विस से सम्मानित किया गया। वर्तमान में दोनो अधिकारी छत्तीसगढ के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात है। अलंकरण समारोह के अवसर पर महानिरीक्षक इन्दराज सिह द्वारा सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित दोनों अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और सभी को भविष्य में इस तरह के पुरस्कार प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### आई फ्लू का शहर में बढ़ता प्रकोप

## जिला चिकित्सालय में हार्मोन एनालाइजर मशीन व बना प्रतिक्षालय : वोरा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** बारिश नमी और दूषित जल से कई तरह के बैक्टीरिया बढ़ जाने से जलजनित बीमारी व ऑखो में आई फ्लू का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इससे ऑखो में कन्जक्टिवाइटिस, रेडनेस, आई फ्लू आदि की समस्या होने लगी है। जो कि कन्जक्टिवाइटिस वायरस और बैक्टीरिया से एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसे पिक आईज भी कहा जाता है ऑख शरीर का सबसे ज्यादा संवेदनशील अंग है इसलिए इसे विशेष ध्यान रखने की जरुरत है।

आई फ्लू होने पर खुजली, ऑखो से पानी आना और सूजन जैसी समस्या उत्पन्न होती है। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में बढ़ते मरीजों को देखते हुए विधायक अरुण वोरा ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर सिविल सर्जन वाय.के शर्मा से चर्चा कर कहा कि निगम क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही आई फ्लू के रोकथाम हेतु उचित कदम उठाया जाए। सिविल सर्जन ने बताया कि आई फ्लू या कन्जक्टिवाइटिस वायरस से बचाव के लिए ऑखो की सफाई का पूरा ध्यान रखे और उन्हे ठंडे पानी से बार-बार धोए किसी भी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचे। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में हार्मोन एनालाइजर मशीन की भी स्थापना की गई है। जिससे मरीजों को थायरइट टी-3, टी-4, टीएसएच, विटामिन बी 12 एवं डी 3 जांच की भी सुविधा प्राप्त होगी।

हमर लैब में अब नि:शुल्क 105 प्रकार की जांच की जाएगी व 25 लाख से मातृ शिशु भवन एवं 37 लाख से एक्स-रे व सीटी स्कैन विभाग में जांच करने आने वाले मरीजों व परिजनों के लिए प्रतिक्षालय का निर्माण किया गया है। अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले मरीजों एवं परिजनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# 'रक्षा' के बच्चों का नामकरण 15 अगस्त को किया जायेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्री बाग जू, भिलाई में हाल ही अप्रैल माह में जन्में सफेद बाघिन 'रक्षा' के तीन सफेद षावकों का नामकरण आगामी 15 अगस्त, 2023 को किया जायेगा। नामकरण के बाद अगस्त अंत में ही इन्हें आम जनता के समक्ष लाया जायेगा। संयंत्र के मैत्रीबाग प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इन षावकों को 4 माह तक आम जनता और बाहरी परिवेष से दूर माँ 'रक्षा' की देखरेख में रखा जायेगा।

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित भिलाई मैत्री बाग हमें, विभिन्न इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों और सूचनात्मक प्रदर्शनों एवं आगंतुकों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी के माध्यम से जैव विविधता के संरक्षण में सहयोग के लिए प्रोत्साहित करता है। इनसे सम्बंधित जागरूकता और ज्ञान फैलाकर, हम एक ऐसा भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं जहां ये आकर्षक जीव पनपते रहें। प्रकृति की सुंदरता हमारे चारों ओर मौजूद है, जो सिर्फ खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रही है। रंग-बिरंगे फूलों वाला हरा-भरा बगीचा भिलाई



मैत्री बाग भिलाई के सबसे मनोरम स्थानों में से एक है। यह प्रकृति प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग है। खिलते फूलों की मनमोहक खुशबू आपके चारों ओर लिपट जाती है, मानो उनकी दुनिया में आपका स्वागत कर रही हो।

मैत्रीबाग में लगभग 1 साल बाद वास्तव में कुछ असाधारण हुआ है - हमारे बहुमूल्य सफेद बाघों में से एक ने, एक नहीं बल्कि 3 प्यारे शावकों को जन्म दिया है। छह वर्षीय सफेद बाघिन 'रक्षा' ने 28 अप्रैल, 2023 को 03 नन्हे शावकों को जन्म दिया। उनके पिता 'सुल्तान' भी एक सफेद बाघ हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ, भिलाई मैत्री बाग प्रभारी एवं उप महाप्रबंधक डॉ एन के जैन ने बातचीत के दौरान बताया कि इन शानदार प्राणियों को करीब से देखना और जन्म से वयस्क होने तक की उनकी यात्रा को देखना सौभाग्य और रोमांच की बात है।

# निगम क्षेत्र में घूमने वाले मवेशियों की हुई धरपकड़ आवारा पशुओं को पकड़ने रोका छेका अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नेशनल हाईवे सहित मुख्य सड़कों से 27 आवारा पशुओं को पकड़ा गया। निगम क्षेत्र में अवाारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम सभी जोन क्षेत्रों में तिथि वार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है।



आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निर्देश दिए हैं। रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे गौठान में छोड़ा जा रहा है।

भिलाई निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए नेशनल हाइवे, मार्केट, सर्विस रोड, सार्वजनिक स्थान, तथा जीई रोड के किनारे चलने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ रही है।

आज सेंटल एवेन्यू, खुर्सीपार गुरुद्वारा क्षेत्र, नेशनल हाईवे एवं मुख्य सड़कों से पशुओं को पकड़कर गौठान भेजा गया। आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के वार्डों से आवारा मवेशी पकड़ने योजना बनाकर कार्य कर रहे है। सभी क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसी के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है।

# शहर को सुंदर बनाने लगेंगे डिजाइनर पोल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज विकास कार्य एवं विभिन्न योजनाओं को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। शहर को सुंदर बनाने के लिए डिवाइडर में डिजाइनर पोल लगाए जाएंगे वही पोल में लगे लाइटों को दुरुस्त किया जाएगा। जहां लाइट नहीं है वहां लाइट लगाए जाएंगे इसके अलावा पोल में नंबरिंग किया जाएगा ताकि यह पता चल सके कि कौन से पोल की लाइट खराब है और इस आधार पर लाइट को ठीक किया जा सके। मार्केट क्षेत्र एवं मुख्य सड़कों के लाइट को भी ठीक किया जाएगा। महापौर एवं आयुक्त ने इसके निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। अंडर ब्रिज में जलभराव से निजात दिलाने के लिए अधिकारी/कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। यह अधिकारी अंडर ब्रिज के पानी भरने पर निकासी की व्यवस्था बनाएंगे। शहर के डिवाइडर को भी ठीक किया जाएगा जहां मरम्मत एवं संधारण की आवश्यकता होगी उसे ठीक किया जाएगा साथ ही डिवाइडर को अच्छा लुक देने के लिए पेंटिंग भी की जाएगी, ताकि राहगीरों को डिवाइडर आकर्षक लगे। इसके अलावा महापौर एवं आयुक्त ने वृक्षारोपण कार्य, वेंडिंग जोन, स्वच्छ सर्वेक्षण, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय, चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण, मुख्यमंत्री मितान योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, गोधन न्याय योजना, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना, आयुष्मान कार्ड, राजीव युवा मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता,अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण, रोड मरम्मत एवं संधारण, वाटर एटीएम, एसी बस स्टॉप, जलभराव क्षेत्रों की समीक्षा, मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्य, 14 वे एवं 15 वे वित्त के कार्य आदि की समीक्षा की।

# अवैध पोस्टर, होर्डिंग हटाने चलाया अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों में लगे हुए अवैध होर्डिंग/पोस्टर को हटाने के लिए भिलाई निगम ने अभियान छेड़ दिया है। आज आज कालीबाड़ी से भगवा चौक एवं मुख्य मार्गो से होर्डिंग एवं पोस्टर निकाले गए। इसके लिए जोन क्षेत्र के सहायक राजस्व अधिकारी अपने टीम के साथ मिलकर एवं आवश्यक संसाधनों के साथ शहर का निरीक्षण करते हुए अवैध पोस्टर व होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई कर रहे है। मुख्य रूप से विद्युत पोल एवं डिवाइडर तथा सड़को के किनारे लगे हुए अवैध पोस्टर/होर्डिंग को प्राथमिकता के तौर पर हटाया जा रहा है। लगाने वालो से सम्पर्क कर कड़ी हिदायत भी दी जा रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने राजस्व विभाग को इस पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन में प्रत्येक जोन के राजस्व विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध पोस्टर/होर्डिग को हटाने के लिए अभियान चला रहे है। जिसके चलते आज शहर से अवैध पोस्टर/होर्डिग हटने लगे है, अवैध तरीके से लगाये हुए पोस्टर/होर्डिग के कारण शहर की सुंदरता पर भी प्रभाव पड़ता है, वही एक्सीडेंट की संभावनाये भी बड़ जाती है, आवागमन में भी लोगो को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन सभी कारणों से अवैध होर्डिग/पोस्टर पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है तथा जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। इसके साथ ही लगाने वालो को चेतावनी भी दी जा रही है।

### महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई एमआईसी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# बी.पी.ओ. सेंटर के माध्यम से मिलेगा युवाओं को रोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई । सुपेला पुरानी बस्ती आबादी भूमि में निवासरत् परिवारों को आबादी पट्टा प्रदान किये जाने की महापौर परिषद से स्वीकृत प्रदान किये गये साथ में नगर विकास के विभिन्न प्रस्ताओं पर विचार किया गया। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल, अध्यक्षता आयुक्त रोहित व्यास एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आहुत हुई, बैठक में विभिन्न सामाजो से भूमि आबंटन हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर विस्तृत विचार किया गया।



नजूल भूमि के आबंटन हेतु जिलाधीश कार्यालय तथा निगम क्षेत्र के भूमि पर आबंटन की मांग को सामान्य सभा के माध्यम से राज्य शासन को भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। पुरानी बस्ती सुपेला के निवासियों को उनकी भूमि का मालिकाना हक देने के लिए महापौर परिषद ने आबादी पट्टा प्रदान किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए प्रकरण सामान्य सभा के माध्यम से शासन को भेजे जाने की अनुमति प्रदान की गई है। जोन-02 वैशालीनगर क्षेत्र में साफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सहित बी.पी.ओ. संचालन की स्वीकृति प्रदान किया गया, ताकि इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। वार्ड 08 कृष्णानगर गांधी चैंक तथा वार्ड 09 राजीव नगर गौतम नगर में स्थित 28 वर्ष पुराना जर्जर शौचालय भवन को ध्वस्त करने की अनुमति प्रदान किया गया है उसके स्थान पर नया शौचालय भवन का निर्माण किया जा सके। शासन की योजना रोका छेका के तहत सड़क पर आवारा घुमने वाले मवेशियों की धड़पकड़ की कार्यवाही की जा रही, पशुपालकों द्वारा गौठान में बंद अपने पशुओं को अर्थदण्ड का भुगतान कर पुन: प्राप्त करते है। जिसके अर्थदण्ड की राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किया गया है। प्लेसमेंट कम्प्युटर ऑपरेटर, आवश्यकता, जलकार्य हेतु श्रमिक की उपलब्धता तथा वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल एवं अर्द्धकुशल वाहन चालक हेल्फर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान किया है। विभिन्न चैंक के नामकरण प्रस्ताव को सामान्य सभा की आगामी बैठक में रखे जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया।

साथ ही जोन 01,02,03,04 में गौठान संचालन तथा गोबर क्रय हेतु महिला स्व सहायता समूह के कार्यकाल में वृद्धि के प्रस्ताव तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति को विधिवत स्वीकृति प्रदान किया गया है। बैठक में परिषद के सदस्य लक्ष्मी पति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लाल चंद वर्मा, केशव चैबे, चन्द्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त एवं विभागीय सचिव उपस्थित रहे।

# पानी टंकी में डेंगू के लार्वा की जांच व पुराने टायर में भरे पानी को कराया खाली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग नगर निगम की टीम ने घर-घर जाकर जांच करने का अभियान शुरू कर दिया है।इसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ स्वास्थ्य विभाग अमला लोगों के घरों में जाकर पानी की टंकी, कूलर,पुराने टायर और अन्य पात्रों की जांच कर रहे हैं। जिनमें पानी जमा है,उसकी जांच कर दवा का छिड़काव किया जा रहा है। नगर निगम की टीम लोगों को डेंगू एवं मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दे रही है।पानी को एक जगह अधिक समय तक एकत्रित नहीं रखने कहा जा रहा है। यह टीम अलग-अलग वार्ड क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए मच्छरों के खिलाफ लड़ने के लिए विशेष गतिविधियां अपना रही है। निगम की विशेष टीम सोमवार एवम शनिवार को बोरसी एरिया तालाब की निचली बस्ती वार्ड 52 के दुकानों में पुराने टायर में भरे पानी को खाली कराया गया। वही किराना दुकान,भैंस खटाल लाइन, बोरसी बस्ती में मच्छर उन्मूलन का अभियान चलाया गया। डेंगू एवं मलेरिया के नियंत्रण के लिए तथा मच्छर उन्मूलन के तहत महापौर धीरज बाकलीवाल व निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया है। निगम द्वारा लोगों को डेंगू एवं मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दी जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950